तापमान

अधिकतम 32.6 डिग्री

न्यूनतम 24.6 डिग्री

# हरिभूमि इस्पात भूमि

रायपुर, सोमवार 27 जुलाई 2026




इंदिरा मार्केट के एंट्री पॉइंट में अतिक्रमण और ... 12



उज्वल भविष्य के लिए संतान को संस्कार युक्त ... 13



# डीईओ पांच दिन बाद हो रहे सेवानिवृति, नए के लिए जिला रहेगा चुनौतीपूर्ण

देवीलाल साहू ⏭ भिलाई

खास खबर

दुर्ग जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद कुमार मिश्रा 31 जुलाई को रिटायर हो रहे हैं। उनका कार्यकाल केवल पांच दिन शेष हैं। स्कूली शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव के गृह जिला होने की वजह से अब यहां ऐसा रोडमैप पर काम हो रहा है कि दुर्ग की साख प्रदेश स्तर पर सर्वोच्च स्थान पर पहुंच सके। ये शैक्षणिक रोडमैप इसलिए भी तैयार किए गए हैं कि कि दुर्ग जिले का बारहवीं और दसवीं बोर्ड का रिजल्ट इस साल अच्छा नहीं रहा जिले में बारहवी और दसवीं बोर्ड का रिजल्ट पिछले साल से कम रहा है। यहां के छह विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में जगह बनाकर जिले की शिक्षा का मान जरूर बढ़ाया है लेकिन ओवर ऑल रिजल्ट में गिरावट आई।

## इस तरह है दुर्ग जिले में चुनौतियां

### दुर्ग 31 वें व 29 वें स्थान पर

बारहवीं में 5.05 और दसवीं में 8.41 प्रतिशत रिजल्ट गिरा है। जिले में बारहवीं में इस बार 65 प्रतिशत से कम परिणाम लाने वाले 13 स्कूल रहे। दसवीं में 65 प्रतिशत से कम रिजल्ट वाले 59 स्कूल रहे हैं। खास बात यह है कि प्रदेश स्तर पर दुर्ग जिला दसवीं में 31 वें और बारहवीं में 29 वें स्थान पर है।

### 188 स्कूल शिक्षा गुणवत्ता रही है डी ग्रेड में

जिले में राज्य मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान भी चलाया गया। जिसकी सोशल ऑडिट करवाई गई। इसकी रिपोर्ट भी संतोषजनक नहीं रहा। जिले के 1105 सरकारी स्कूलों में चले इस अभियान में 1.15 लाख विद्यार्थी शामिल हुए। जिसमें 188 सरकारी स्कूल डी ग्रेड में आए। जिसमें प्राइमरी स्कूल 66, मिडिल स्कूल 80, हाई स्कूल 19 और हायर सेकंडरी स्कूल 23 शामिल रहे।

### नहीं रुक पा रहा आरटीई फर्जीवाड़ा

निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार भी दुर्ग जिले में एक बड़ी चुनौती है। ट्विनसिटी के नामी निजी स्कूलों में दाखिल के लिए फर्जी दस्तावेजों से दाखिला लेना थम नहीं रहा है। भिलाई निगम के जाली दस्तावेजों से 28 बच्चों का दाखिला हुआ है। आरक्षित सीटों से ज्यादा प्रवेश देकर निजी स्कूलों ने करीब 6 करोड़ रुपए का खेला किया है। ये पूरे मामले कोर्ट में चल रहे हैं।

### सेजेस विद्यालयों में शिक्षकों की कमी

जिले के 54 स्वामी आत्मानंद हिन्दी और अंग्रेजी माध्यम विद्यालय शिक्षकों की कमी से जूझ रहे हैं। सेजस अंग्रेजी माध्यम में 225 शिक्षकों का टोटा है। वहीं स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम स्कूलों में 200 पद शिक्षकों के रिक्त हैं। हिन्दी माध्यम स्कूलों में नियमित शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति करना है लेकिन अभी राज्य से यह पूरा नहीं हो पाया है। अंग्रेजी माध्यम वाले स्कूलों में संविदा के रूप में नई भर्ती होनी है। जो परीक्षा के माध्यम से होनी है। परीक्षा अब तक आयोजित नहीं हो पाई है। इसलिए इन दोनों माध्यम स्कूलों में पढ़ाई प्रभावित है।

## छत्तीसगढ़ में दुर्ग जिले की साख को सर्वोच्च स्तर पर ले जाने की चल रही है कवायद

### सरकारी ढ़र्रे और रोडमैप पर चल रहा काम

एजुकेशन हब के रूप में ख्याति को बनाए रखने के लिए नए शैक्षणिक सत्र में शुरूआत से जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद कुमार मिश्रा ने रोडमैप पर काम करना शुरू कर दिया। इस दौरान शिक्षकों की उपस्थिति शालाओं में शत-=प्रतिशत सुनिश्चित हो और अध्यापन व्यवस्था ढ़र्रे पर न चले इसकी पुरजोर कोशिश की है। उन्होने जिला, ब्लॉक और संकुल स्तर पर टीम बनाई जो एकेडमिक कार्य को मैदानी स्तर पर समझे और उसकी रणनीति बनाएं। लापरवाह शिक्षकों को नोटिस देना और एक दिन का वेतन काटने जैसी कार्रवाई भी की जिससे स्कूलों की स्थिति में सुधार आने लगा ।





### जिले में सरकारी स्कूलों की स्थिति

| | |
|---|---|
| दुर्ग | 439 |
| पाटन | 338 |
| धमधा | 328 |
| कुल | 1105 |

### नए डीईओ नियुक्ति पर महकमे चल रही चर्चा

जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद कुमार मिश्रा के रिटायरमेंट करीब होने पर एक तरफ उनकी विदाई की भी जमकर तैयारी चल रही है। तो दूसरी ओर नए जिला शिक्षा अधिकारी कौन आएंगे इस पर सबकी निगाहें लगी हुई है। पूर्व में यहां पदस्थ डीईओ भी फिर से नियुक्ति करने के लिए प्रयासरत हैं लेकिन शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव द्वारा नए चेहरे को अवसर देने की मंशा अधिक दिखाई दे रही। जिससे दुर्ग जिले की शिक्षा व्यवस्था को बेहतर किया जा सके और जिले का नाम प्रदेश स्तर पर चमके। इसके लिए वे जिले में कई योजनाएं भी शुरू की है। अत्याधुनिक सिस्टम से क्लास में पढ़ाई, विशेष कोचिंग, संसाधन, शिक्षकों की कमी आदि प्राथमिकताएं हैं।

## खबर संक्षेप

### नशीली दवाओं के साथ 3 पुलिस की गिरफ्त में

**भिलाई।** नशीली दवाओं के साथ तीन युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उनके पास से भारी मात्रा में नशे की दवा बरामद किया गया है। एएसपी मणीशंकर चंद्रा ने बताया कि छावनी पुलिस को मुखबिर ने सूचना दी कि पावर हाउस परिसर में कुछ युवक प्रतिबंधित नशीली दवाई को बेचने की जानकारी मिली। टीम मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर पक़ड़ा गया। जहां से शर्मा कॉलोनी, मिलन चौक के पास, कैम्प-2 कमल थापा, ढोलक पारा, न्यू गणेश चौक कैम्प 2 प्रदीप साहू, शारदा पारा, कैम्प-2 शहनवाज आलम उर्फ बिन्नी को पकड़ा गया। उनके पास से पुलिस ने 500 नशीली दवा, नशीली टैबलेट जब्त किया गया। जिसकी कीमत दो लाख रुपए की आंकी गई है। नगद 550 जब्त किया है।

### गांजा तस्करी करने वाले चार युवक गिरफ्तार

**भिलाई।** गांजा की तस्करी करते चार युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। खुर्सीपार पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर टीम आईटीआई बॉयज़ हॉस्टल के पास दशहरा मंच के सामने पहुंची। जहां चार युवक डॉ. राजेन्द्र प्रसाद नगर, खुर्सीपार निवासी शेख शब्बीर उर्फ कल्लु, उदय देवार, विकास वर्मा उर्फ चेतन,रोहित कंवर को घेराबंदी कर पकड़ा गया। उनके पास से पुलिस ने 2 किलो 514 ग्राम गांजा और नगदी 1,200 रुपए जब्त किया।

## मोहन नगर पुलिस ने की कार्रवाई, मिली बड़ी सफलता

# जमीन को लेकर विवाद के बाद धारदार हथियार से हमला, पांच पुलिस की गिरफ्त में

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

जमीन के हिसाब कितान को लेकर रंजिश के मामले में बदमाशों ने धारदार हथियार से हमला कर गंभीर रुप से व्यक्ति को घायल कर दिया। सूचना पर पुलिस तुरंत घटनास्थल बायपास टोल प्लाजा दुर्ग में स्थित देवभूमि कार्यालय पहुंची। जांच के बाद पांच अपराधियों को तुरंत गिरफ्तार किया है। एएसपी मणीशंकर चंद्रा ने बताया कि विनय कुमार सिंह अपने जीजा नरेंद्र सिंह, दोस्त रूपेश यादव के साथ देवभूमि लेआउट स्थित कार्यालय बायपास दुर्ग में जमीन की खरीदी-बिक्री के हिसाब-किताब को लेकर पहुंचे थे। जहां पहले से साजिश के तहत देवभूमि संचालक दीपक नगर दुर्ग निवासी राजेश सिंह उर्फ बिहारी, सुपेला निवासी विक्की सिंह, हुड़को रंजीत कुमार सिंह,गौरा चौक मोहन नगर रोशन लाल साहू, सेक्टर 7 पप्पू कुमार सिंह, हाउसिंग बोर्ड विजय मेनन समेत अन्य पहले से मौजूद थे। हिसाब किताब करते हुए नरेन्द्र सिंह के साथ बदमाशों ने विवाद किया। उसके बाद गाली-गलौज कर जान से मारने की नियत से नरेन्द्र पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। आरोपी विजय मेनन और उसके दोस्तों ने हाथ-मुक्कों से हमला करने के बाद नरेंद्र सिंह पर जानलेवा हमला कर बेहोश होते तक मारते रहे। जब नरेन्द्र गिर पड़ा तो सभी आरोपी मौके से फरार हो गए। विवेचना के दौरान मोहन नगर पुलिस टीम ने 5 आरोपियों की तलाश कर उसे गिरफ्तार किया। जबकि मास्टर माइंड राजेश सिंह उर्फ बिहारी समेत अन्य अब भी पुलिस गिरफ्त से बाहर है। आरोपियों के पास से पुलिस ने कार हथियार, कार सीजी 07 सीपी 6008, बाइक को जब्त किया है।

### देवभूमि में बुलाया गया था



### राजेश सिंह समेत दो अब भी पुलिस पकड़ से बाहर



मोहन नगर पुलिस ने बताया कि हमला का मास्टर माइंड मकान नंबर 106 सड़क 6 दीपक नगर दुर्ग निवासी राजेश सिंह उर्फ बिहारी समेत एक अन्य अब भी फरार है। राजेश सिंह के खिलाफ एसपी को लिखित में दीपक नगर दुर्ग निवासी राजीव सिंह ने शिकायत की है। राजेश सिंह उर्फ बिहारी पहले ऑटो चालक हुआ करता था। फिर शराब कारोबार में कूदा उसके ही जमीन पर अवैध शराब भी पुलिस ने पकड़ा था। राजेश बिहारी का बाईपास टोल प्लाजा के पास प्राइम रियल एस्टेट के नाम पर खड़ा साम्राज्य 'देव भूमि' और होटल 'ड्रीम पैलेस'का संचालक भी है। आरोप है कि राजेश बिहारी रंगदारी, अवैध शराब, किसानों से डरा-धमकाकर जमीन लेना समेत कई मामले है। यूपी बलिया निवासी राजेश सिंह उर्फ राजेश बिहारी प्राणघातक हमले में फरार है। 'देव भूमि' में अपराधियों का अड्डा, यूपी-बिहार के बदमाश भी रहते है। 25 जुलाई 2026 की उक्त वारदात से स्पष्ट हो गया है। हमले में नरेंद्र सिंह की हालत गंभीर बनी हुई है। राजेश बिहारी यूपी के बलिया से अपना गांव छोड़कर दुर्ग आया था। शुरुआत में उसने दुर्ग रेलवे स्टेशन के आसपास ऑटो-रिक्शा चलाकर अपना गुजारा शुरू किया। राजेश पर आरोप है कि रेलवे स्टेशन में सिंडिकेट, रंगदारी, 'ड्रीम पैलेस' का निर्माण जेल से बाहर आने के बाद धीरे-धीरे रेलवे स्टेशन एरिया में दबदबा बनाया।

### चंद घटों में आरोपी पकड़े गए

प्राणघातक हमले में पांच आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मुख्य आरोपी के खिलाफ 12 से अधिक मामले दर्ज है। फरार आरोपी राजेश सिंह समेत अन्य की तलाश में पुलिस टीम जुटी हुई है। पुलिस फरार आरोपियों की तलाश करने अलग-अलग टीम बनाई गई है।

-हर्षित मेहर, सीएसपी दुर्ग

## जिले का तापमान रहा 32.6 डिग्री

# ट्विनसिटी में दिनभर छाई रही बदली बौछारें पड़ी, उमसभरी गर्मी भी बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई



ट्विनसिटी में रविवार को दिनभर बदली छाई रही। इस बीच हल्की बौछारें भी अलग-अलग क्षेत्रों में पड़ी। जिसकी वजह से वातावरण में उमसभरी गर्मी की स्थिति निर्मित हो गई। हालांकि एक दिन पहले यानी शनिवार को धूप खिली थी और बादल पूरी तरह छट गए थे लेकिन रविवार को यह अचानक बदल गई। मौजूदा हालात की वजह से तापमान में बढ़ोतरी हो गई है।

ट्विनसिटी का अधिकतम तापमान 32.6 डिग्री सेल्सियस जा पहुंचा है। जो सामान्य से 3 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा। इसी तरह न्यूनतम तापमान 24.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। मौसम विभाग ने पिछले 24 घंटों में प्रदेश में कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा दर्ज की है जबकि एक-दो स्थानों पर भारी से बहुत भारी वर्षा हुई। अब तक प्रदेश में मौसमी वर्षा सामान्य रही है. जो सामान्य से 20% कम है। मौसम विभाग के अनुसार आगामी दिनों में जिले में अच्छी बारिश की संभावना बन रही है।

### आज भी अधिकांश जगह हल्की बारिश

मौसम विभाग के मुताबिक उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी तथा उससे सटे उत्तर ओडिशा पश्चिम बंगाल तटों पर स्थित अवदान के प्रभाव से अगले 4 दिनों तक छत्तीसगढ़ में सक्रिय मानसूनी परिस्थितियाँ बनी रहने की संभावना है। 27 जुलाई को प्रदेश के अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है। जबकि कुछ स्थानों पर भारी से बहुत भारी वर्षा होने की संभावना है। 12 दिनों के बाद प्रदेश में अधिकाश स्थानों पर हाकी में मध्यम वर्षा होने की संभावना है। एक-दो स्थानों पर भारी से बहुत भारी वर्षा तथा गरजचमक के साथ बारिश की संभावना है।

### ऐसा चल रहा सिनोप्टिक सिस्टम

उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी और उससे सटे उत्तरी ओडिशा-पश्चिम बंगाल तटों पर बना कम दबाब का क्षेत्र अब एक अवदाब में बदल गया है। 26 जुलाई को सुबह 8:30 बजे यह उसी क्षेत्र में 20.6**N** अक्षांश और 8.4 **E** देशांतर के पास केंद्रित था। यह सागर द्वीप (पश्चिम बंगाल) में लगभग 130 किमी दक्षिण-दक्षिण-पूर्व, दीघा(पश्चिम बंगाल) से 140 किमी दक्षिण-पूर्व, चांदबाली (ओडिशा) से 170 किमी पूर्व और बालासोर (ओडिशा) से 180 किमी पूर्व-दक्षिण-पूर्व में स्थित था। इसके उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ने, अगले 24 घंटों में और तेज होकर गहरे अवदाब में बदलने और 27 जुलाई की सुबह या दोपहर के आसपास पाराद्वीप और सागर द्वीप के बीच उत्तरी ओडिशा और पश्चिम बंगाल के तटों को पार करने की बहुत संभावना है।

**ये द्रोणिकाएं हैं सक्रिय :** समुद्र तल पर मॉनसून दोणिका अब पश्चिमी राजस्थान और उसके आस-पास के निम्न दबाव वाले क्षेत्र के केंद्र उरई, सीधी, रांची, उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी और उससे सटे उत्तरी ओडिशा-पश्चिम बंगाल तटों पर बने अवदाब के केंद्र में होकर गुजर रही है। इसके बार यह दक्षिण-पूर्व की ओर उत्तर-पूर्व बंगाल की खाड़ी की तरफ बढ़ती है और समुद्र तल से 1.5 किमी की ऊंचाई तक फैली हुई है। पश्चिमी राजस्थान एवं उसके आसपास स्थित निम्न दबाव क्षेत्र तथा उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी और उससे सटे उत्तर ओडिशा-पश्चिम बंगाल तटो पर स्थित अवदाब से संबंधित चक्रवाती परिसंचरणों से जुड़ा पूर्व-पश्चिम कतरनी क्षेत्र औसत समुद्र तल में 3.1 से 5.8 किमी की ऊंचाई के बीच मध्य भारत के ऊपर लगभग 23' उत्तरी अक्षांश के साथ फैला हुआ है।

## सबसे पहले छत से भागते हुए देखा था परिजनों ने

# पुजारी के घर चोरी का प्रयास, चोर को लोगों ने पकड़कर पुलिस के हवाले किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

पुजारी के घर का मुख्य गेट का ताला तोड़कर चोरी करने का प्रयास का मामला सामने आया है। घटना के समय रात को परिजन खाना खाकर गहरी नींद में सो रहे थे। शिकायत पुलगांव पुलिस थाने में की गई है। पुलिस ने बताया कि बजरंग चौक पुलगांव निवासी अकांशु मिश्रा महेश कॉलोनी स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर में पुजारी हैं। 24 जुलाई की रात परिवार के साथ रेस्टोरेंट में खाना खाने गए थे। देर रात परिजन जब पूरा परिवार वापस लौटा तो मकान का लाइट जल रहा था और बाहर लगे गेट का ताला भी टूटा पड़ा मिला। अकांशु मिश्रा के मुताबिक परिजन घर के भीतर पहुंचने पर एक युवक तेजी से छत की ओर भागता दिखाई दिया। परिजनों ने उसे देख शोर मचाना शुरु कर दिया। आरोपी दीवार फांदकर भागने लगा। आवाज सुनकर आसपास के युवक मौके पर पहुंचे और कुछ दूरी पर आरोपी को पकड़ लिया। पूछताछ करने पर आरोपी ने अपना नाम मिलपारा दुर्ग निवासी सन्नी देशमुख बताया। लोगों ने उसे पुलिस के हवाले कर दिया। पीड़ित के मुताबिक सन्नी पहले भी उनके घर में चोरी का प्रयास कर चुका है। मोहल्ले के लोगों के समझाने पर उन्होंने पुलिस में शिकायत दर्ज नहीं कराई थी। मगर दोबारा चोरी का प्रयास होने के बाद शिकायत किया गया। अंकाशु ने पुलिस को बताया कि घटना के समय मां भगवती मिश्रा, भाई प्रियांशु मिश्रा, पत्नी स्वाकति मिश्रा भी घर पर मौजूद थीं।

# जुए के अड्डे में पुलिस की दबिश,14 जुआरियों को पुलिस ने पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

लंबे समय से चल रहे जुआ के अड्डे में पुलिस ने दबिश देकर 14 जुआरियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जुआरियों के खिलाफ पुलिस ने जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

एएसपी मणीशंकर चंद्रा ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर केएलसी खुर्सीपार के मकान में जुआ चलने की सूचना मिली थी। जहां पर पुलिस ने दबिश देकर जुआरियों को पकड़ा गया। जुआरियों में सडक 38 मकान 4/ए जोन 2 खुर्सीपार निवासी मनोज कुमार, मछली मार्केट खुर्सीपार राजीव कुमार, बालाजी नगर खुर्सीपार



एम राजू , एचएससीएल कालोनी खुर्सीपार सूरज महतो, सडक 38 खुर्सीपार जी. गौतम, मछली मार्केट खुर्सीपार किशोर कुमार साहू , जोन 2

### खुर्सीपार पुलिस ने की कार्रवाई

खुर्सीपार शिवा राव, बापू नगर खुर्सीपार विकास गुप्ता, बैरागी मोहल्ला छावनी दिनेश बाघ, पावर हाउस छावनी अनिल पिता , बापूनगर खुर्सीपार पवन कुमार, राजा , इंदिरा पारा सेंट्रल बैंक के पास भिलाई तीन सैनी कुमार, खुर्सीपार मंजीत सिंह और मकान मालिक को पकड़ा गया है।

जुआरियों के पास से पुलिस ने ताश ,समेत नगदी 77,650 रुपए बरामद किए गए। इसके अलावा जुआरियों के पास से 14 मोबाइल भी जब्त किया गया। जिसकी कीमत 2.50 लाख रुपए आंकी गई है।

## रविवार की सुबह खुर्सीपार और जामुल पहुंची टीम

# दो स्थाई और पांच गिरफ्तारी वारंटी पकड़े गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

रविवार की सुबह पुलिस ने अभियान चलाकर थाना खुर्सीपार और जामुल क्षेत्र में चेकिंग चलाया गया। इस दौरान दो स्थायी वारंट और पांच गिरफ्तारी वारंटी तामिल हुई। टीम में भिलाई नगर, छावनी अनुभाग के खुर्सीपार, जामुल में विशेष चेकिंग किया गया। पुलिस ने अभियान के तहत वारंटियों की धरपकड़, अवैध गतिविधियों पर नियंत्रण, संदिग्ध व्यक्तियों का सत्यापन, कानून-व्यवस्था को बेहतर बनाने का काम किया गया। एएसपी शोभराज अग्रवाल समेत सीएसपी भिलाई नगर, थाना प्रभारी



खुर्सीपार,जामुल, नेवई, भिलाई भट्टी, प्रभारी एसीसीयू, ट्रैफिक शाखा, रक्षित केंद्र समेत शाखाओं के 50 अधिकारी व कर्मी मौजूद थे। विशेष अभियान के दौरान खुर्सीपार क्षेत्र के देवार बस्ती में सघन तलाशी ली गई। एक व्यक्ति से 34 पौवा अवैध शराब जब्त किया गया। इसके अलावा 2 स्थायी वारंट और 2 गिरफ्तारी वारंट तामील किए गए। एक गिरफ्तारी वारंटी की मौत हो जाने के कारण नियमानुसार उसका मृत्यु प्रमाण-पत्र प्राप्त कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की गई। इसके अलावा जामुल के नालंदा परिसर के पीछे स्थित अटल आवास में निवासरत व्यक्तियों का सत्यापन एवं व्यापक चेकिंग अभियान संचालित किया गया। चेकिंग के दौरान संदिग्ध व्यक्तियों की जांच की गई। जहां से 3 गिरफ्तारी वारंटों का तामील हुए। अभियान के दौरान संदिग्ध व्यक्तियों, आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों, संवेदनशील क्षेत्रों पर विशेष निगरानी रखी गई। कार्रवाई में सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी, छावनी प्रशांत पैकरा, प्रभारी खुर्सीपार निरीक्षक लक्ष्मण केवट, प्रभारी जामुल निरीक्षक राकेश चंद्रवंशी, प्रभारी नेवई निरीक्षक अनिल साहू, प्रभारी भिलाई भट्टी निरीक्षक प्रकाशकांत, थाना प्रभारी एसीसीयू निरीक्षक समेत अन्य पुलिस कर्मी मौजूद थे।

# एआई से फोटो एडिट कर वायरल करने की धमकी, गिरफ्तार

## छावनी पुलिस ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई



एआई से एडिट कर महिला का फोटो बनाकर उससे रकम का डिमांड करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। घटना छावनी पुलिस थाना क्षेत्र का है। पुलिस ने बताया कि साम्या खान ने पुलिस में लिखित शिकायत किया। जिसमें मोबाइल नंबर का उपयोग कर सतनामी पारा, ठेंगाभाट, थाना धमधा निवासी रविन्द्र भारती ने 5 लाख रुपए का डिमांड करने लगा। आरोपी ने महिला को धमकी देकर कहा कि महिला के पति को जान से मार देगा। एआई तकनीक का उपयोग कर महिला के फोटो को एडिट कर सोशल मीडिया इंस्टाग्राम पर वायरल करने की भी धमकी दी थी। महिला के पति से उसका जबरन तलाक लेने का दबाव भी बनाया था। शिकायत के बाद पुलिस विवेचना में जुट गई। युवक रविन्द्र को हिरासत में लिया गया। आरोपी से पूछताछ करने पर स्वीकार किया कि एआई तकनीक से फोटो एडिट कर महिला को ब्लैकमेलिंग कर रहा था।


शैलदेवी महाविद्यालय

Affiliated to Hemchand Yadav University, Durg

अंडा, दुर्ग

9575037637
6265377477

ADMISSION OPEN

BA (Home Science Geography)
BCom
MCom
Girls/Boys Hostel
BCA
DCA
PGDCA
Scholarship - 8000 to 13000/-
BSc Maths CS/Bio
MSc Physics/CS Chemistry
MSW
B.Lib
पढ़ाई के साथ-साथ सरकारी नौकरी की तैयारी भी...
Diploma in YOGA
B.Ed, D.El.Ed, B.Sc B.Ed.

# साइबर हाईजीन, सुरक्षित डिजिटल व्यवहार, सोशल मीडिया का जिम्मेदारी से उपयोग समय की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग नई दिल्ली के विशेष निगरानीकर्ता कन्हैया त्रिपाठी ने कामधेनु विश्वविद्यालय अंजोरा का निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान छात्रावास का अवलोकन किया। साथ ही व्यापक सुधार के निर्देश दिए। उन्होंने प्रत्येक विश्वविद्यालय में मानवाधिकार सेल गठित करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षण संस्थानों में मानवाधिकारों के संरक्षण के साथ-साथ लैंगिक समानता, साइबर सुरक्षा और सामाजिक उत्तरदायित्व को संस्थागत रूप से बढ़ावा देने के लिए नियमित जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाने चाहिए। मानवाधिकार जागरुकता एवं संवाद कार्यक्रम में त्रिपाठी ने कुलपति डॉ. आरआरबी सिंह, कुलसचिव, अधिष्ठाताओं, निदेशकों तथा एंटी रैगिंग समिति के अध्यक्षों एवं सदस्यों के साथ विस्तृत चर्चा की। बैठक में विद्यार्थियों के अधिकारों की सुरक्षा, शिकायत निवारण व्यवस्था तथा परिसर में सुरक्षित और संवेदनशील शैक्षणिक वातावरण सुनिश्चित करने जैसे विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। त्रिपाठी ने कहा कि डिजिटल दौर में साइबर अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं। ऐसे में छात्र-छात्राओं को साइबर हाइजीन, सुरक्षित डिजिटल व्यवहार और सोशल मीडिया के जिम्मेदार उपयोग के प्रति जागरूक करना समय की मांग है। उन्होंने विश्वविद्यालय में समय-समय पर साइबर अपराध, लैंगिक समानता और मानवाधिकार विषयक संगोष्ठियां एवं कार्यशालाएं आयोजित करने की भी सलाह दी।

## राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के निगरानीकर्ता कन्हैया त्रिपाठी ने किया कामधेनु यूनिवर्सिटी का निरीक्षण

### स्टूडेंट्स से पूछी समस्याएं, संवाद के लिए किया प्रेरित

त्रिपाठी ने विश्वविद्यालय के छात्रावासों का निरीक्षण कर वहां उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया तथा छात्र-छात्राओं से संवाद कर उनकी समस्याओं और सुझावों की जानकारी प्राप्त की। कुलपति डॉ. आरआरबी सिंह ने विश्वविद्यालय की गतिविधियों की जानकारी देते हुए बताया कि विश्वविद्यालय के अंतर्गत अंजोरा और बिलासपुर में दो पशु चिकित्सा महाविद्यालय, कवर्धा में मात्स्यिकी महाविद्यालय, रायपुर में डेयरी प्रौद्योगिकी महाविद्यालय तथा सात पॉलीटेक्निक संचालित हैं। यहां स्नातक, स्नातकोत्तर, पीएचडी एवं डिप्लोमा स्तर पर पशु चिकित्सा, डेयरी एवं मात्स्यिकी विषयों की पढ़ाई कराई जाती है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय केवल शिक्षा का केंद्र नहीं, बल्कि संवैधानिक मूल्यों, मानवीय गरिमा और सामाजिक उत्तरदायित्वों के विकास का भी महत्वपूर्ण माध्यम है।



### मानव अधिकारों के साथ कर्तव्यों का पढ़ाया पाठ

इस अवसर पर विद्यार्थियों को मानव अधिकारों से जुड़ी जानकारी दी गई। साथ ही उनके कर्तव्यों के प्रति जागरूकता विकसित करना भी विश्वविद्यालय की प्राथमिकता है। निरीक्षण एवं संवाद कार्यक्रम के दौरान विश्वविद्यालय के निदेशकगण, कुलसचिव, अधिष्ठाता, जनसंपर्क अधिकारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों, शोधार्थियों एवं शिक्षकों में मानवाधिकारों, लैंगिक समानता, साइबर सुरक्षा तथा सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति जागरूकता विकसित करना रहा। इस दौरान मानव अधिकारों को लेकर अलग से सेल गठन सुनिश्चित करने के सुझाव दिए गए।

## खबर संक्षेप



### द्रोण को शा. अभिभाषक का अतिरिक्त प्रभार

दुर्ग। शासकीय अभिभाषकय/लोक अभियोजक मेघेश्वर दिल्लीवार दुर्ग की आयु 62 वर्ष होने के कारण वे सेवामुक्त हो गए हैं। उनकी जगह शासकीय अभिभाषक/लोक अभियोजक की नियुक्ति होने तक विशेष लोक अभियोजक द्रोण कुमार ताम्रकार को अपने कार्य के साथ शासकीय अभिभाषक/लोक अभियोजक दुर्ग का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। उन्हें उपरोक्त अतिरिक्त कार्य हेतु पैरवी शुल्क नियमानुसार देय होगी, किन्तु रिटेनर फीस उन्हें उनके मूल पद विशेष लोक अभियोजक का ही देय होगा। द्रोण कुमार ताम्रकार की नियुक्ति पर लोक अभियोजकों और जिले के अधिवक्ताओं ने बधाई दी है। उनका सम्मान भी किया गया।

### हर्ष हिंद बने यादव मित्र कल्याण संघ के अध्यक्ष

दुर्ग। सर्व यादव समाज द्वारा



संचालित यादव संघ मित्र कल्याण मंडल के वर्तमान अध्यक्ष कमलेश यादव ने पारिवारिक कारणों से पद छोड़ दिया है। उनकी जगह हर्ष हिन्द यादव को अध्यक्ष बनाया गया है। बैठक के दौरान इसकी घोषणा की गई। यादव समाज के गहिरा गुरु राजेश यादव, रामानंद यादव, गोवर्धन यादव, राकेश यादव, बृजेश कुमार यादव, उमराव यादव, शिबू यादव, कमलेश यादव, भागवत यादव ने उन्हें बधाई दी है। गहिरा गुरु ने कहा कि छत्तीसगढ़ में लगभग 40 लाख यादवों निवासरत हैं। बैठक में करुणा यादव, वर्षा रितु यादव, त्रिवेणी यादव, दीपाली यादव, मीना यादव सहित अन्य उपस्थित थे।

### विनोद बने बसपा के अध्यक्ष

**भिलाई।** प्रदेश अध्यक्ष बसपा



श्याम टंडन और प्रदेश प्रभारी दाऊराम रत्नाकर की उपस्थिति में आयोजित बैठक में विनोद वासनिक को बहुजन समाज पार्टी का अध्यक्ष बनाया गया। इस अवसर पर अशोक लोखंडे, विजय प्रताप कश्यप, अमित गेंडे, मुकेश महिलांगे, भाग चन्द पटेल, संतोष बंजारे, हीरालाल टंडन, नागेश्वर कोसले, दिलीप साहू, देवधर चन्द्राकर सहित अन्य मौजूद थे। सभी ने नियुक्ति पर बधाई दी।

## व्यापारिक संगठनों ने प्रशासन और निगम के सामने रखी समस्या

# इंदिरा मार्केट के एंट्री पॉइंट में अतिक्रमण और अवैध पार्किंग से बन रहे ट्रैफिक जाम के हालात

### प्रशासन और निगम के संयुक्त निरीक्षण के बाद सुधार का आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

शहर का इंदिरा मार्केट ट्रैफिक दबाव का हॉट स्पॉट बनते जा रहा है। बेतरतीब पार्किंग और सड़क पर अवैध रूप से खड़े वाहनों की वजह से समस्या और बढ़ रही है। इस बीच इंदिरा मार्केट के सभी प्रमुख प्रवेश द्वार अतिक्रमण की चपेट में हैं। इसके कारण समस्या विकराल रूप ले रही है। स्थानीय व्यापारियों ने परेशान होकर इसकी शिकायत नगर निगम दुर्ग और कलेक्टर से की है। इसके बाद व्यापारिक संगठन, दुर्ग निगम और प्रशासन की टीम ने पुलिस के साथ स्थल का निरीक्षण किया। व्यापारी संघ के प्रतिनिधिमंडल ने अपर कलेक्टर वीरेंद्र सिंह को समस्या से अवगत कराया। इसके बाद डिप्टी कलेक्टर प्रफुल्ल कुमार गुप्ता ने नगर निगम सभापति श्याम शर्मा, नगर निगम अधिकारी, कर्मचारी सहित ट्रैफिक पुलिस, व्यापारी संघ के प्रतिनिधियों एवं संबंधित अधिकारियों के साथ संयुक्त रूप से मौके पर पहुंचे। निरीक्षण के दौरान बाजार की वर्तमान व्यवस्थाओं का अवलोकन करते हुए व्यापारियों से चर्चा कर उनकी समस्याएं सुनी। व्यापारियों ने बताया कि इंदिरा मार्केट के विभिन्न प्रवेश द्वारों पर अघोषित रूप से वाहन, ठेले एवं अन्य सामग्री खड़ी रहने से ग्राहकों एवं आम नागरिकों की आवाजाही प्रभावित होती है। बाजार में आने-जाने में असुविधा होने के कारण व्यापार पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। व्यापारियों ने मांग की कि सभी प्रवेश मार्गों को बाधा मुक्त रखा जाए तथा अव्यवस्थित रूप से व्यवसाय कर रहे ठेलों एवं अनलोडिंग के बाद लंबे समय तक खड़े रहने वाले वाहनों पर प्रभावी कार्रवाई की जाए।



### अनलोडिंग के बाद भी मौके पर खड़े रहते हैं वाहन

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने बाजार की समुचित व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक सुझाव दिए। इस दौरान सहमति बनी कि इंदिरा मार्केट के सभी प्रवेश द्वारों को सुगम एवं व्यवस्थित रखा जाएगा। अनलोडिंग कार्य पूर्ण होने के बाद अनावश्यक रूप से खड़े रहने वाले वाहनों पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। साथ ही व्यापारियों से भी अपील की गई कि वे अपने निजी वाहनों को दुकान के सामने खड़ा करने के बजाय निर्धारित पार्किंग स्थल में ही रखें, ताकि बाजार में यातायात सुचारु बना रहे। डिप्टी कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि बाजार क्षेत्र में नियमित निगरानी रखी जाए तथा यातायात और व्यापारिक व्यवस्था को प्रभावित करने वाले अतिक्रमण एवं अव्यवस्थित पार्किंग पर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

### हर दिन बन रही जाम की स्थित वैकल्पिक इंतजाम नहीं

मार्केट में ट्रैफिक जाम की समस्या लगातार बढ़ते जा रही है। पुराना बस स्टैंड में आयोजित होने वाले कार्यक्रम, रैलियां, जुलूस की वजह से इंदिरा मार्केट की ट्रैफिक व्यवस्था बिगड़ रही है। वाहन घंटों मौके पर फंसे रह जा रहे हैं। ट्रैफिक पुलिस की तैनाती नहीं होने से समस्या और भी बढ़ जा रही है। अधिकारियों ने कहा कि प्रशासन और व्यापारियों के आपसी समन्वय से इंदिरा मार्केट को अधिक व्यवस्थित, सुरक्षित एवं सुगम बनाया जाएगा, जिससे व्यापारियों के साथ-साथ आम नागरिकों को भी सुविधा मिल सके। निरीक्षण के दौरान व्यापारी संघ के पदाधिकारी, कोतवाली थाना प्रभारी, ट्रैफिक पुलिस एवं नगर निगम के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## नगर निगम दुर्ग के नामांकित 9 एल्डरमैन का शपथ ग्रहण 30 को

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

पिछले दिनों शासन द्वारा नामांकित नगर निगम दुर्ग के 9 एल्डरमैन का शपथ ग्रहण समारोह 30 जुलाई को शाम 5 बजे मोतीलाल वोरा सभागार नगर निगम दुर्ग में आयोजित है। कार्यक्रम में शिक्षामंत्री गजेंद्र यादव मुख्य रूप से शामिल होंगे। उनके अलावा सांसद विजय बघेल, महापौर अल्का बाघमार, सभापति राजेश शर्मा सहित सभी पार्षद और निगम के अधिकारी मौजूद रहेंगे। बता दें कि शासन ने पिछले दिनों दुर्ग जिले के 7 निकायों के लिए एल्डरमैन की नियुक्ति आदेश जारी किया था। लंबे समय से अटकी इस प्रक्रिया के पूरे होने का इंतजार था। आगामी दिनों में निकाय चुनाव होने हैं। इसमें रिसाली, भिलाई, भिलाई-चरोदा और जामुल निकाय में वार्ड चुनाव होने हैं। इस बीच एल्डरमैन की नियुक्तियों को काफी अहम माना जा रहा है। नगरीय प्रशासन ने जारी आदेश में दुर्ग से 9 एल्डरमैन की नियुक्ति की गई है। दुर्ग निगम क्षेत्र में खास बात यह है कि दो पूर्व पार्षदों को भी मौका दिया गया है। उनमें चमेली साहू और नरेश तेजवानी प्रमुख हैं। नरेश तेजवानी एक बार पार्षद और दो बार पहले भी एल्डरमैन रह चुके हैं। ये दोनों लंबे समय से भाजपा की राजनीति से जुड़े हुए हैं। पिछले निकाय चुनाव में उनकी टिकट कट गई थी। इसे देखते हुए पार्टी ने उन्हें पुनः निगम की राजनीति और जनता के हितों के लिए काम करने का मौका दिया है। उनके अलावा मदन बढ़ई, अनूप सोनी, तुलसी यादव, दशरथ निर्मलकर, गौरव शर्मा, तेखन सिन्हा, कांतिलाल जैन को भी मौका दिया गया है। एल्डरमैन की नियुक्ति के साथ ही निकायों में भाजपा की ताकत पहले से और अधिक बढ़ गई है। सदन में उनके सदस्यों की संख्या में बढ़ोत्तरी हुई है। दुर्ग निगम में पहले जहां 40 भाजपा समर्थित सदस्य थे। अब 9 जुड़कर 49 हो गए हैं। वर्तमान में निगम में कांग्रेस के 12 और 8 निर्दलीय पार्षद हैं।



### जिले के 6 अन्य निकायों में भी की गई नियुक्ति

जिले के 6 अन्य निकायों में भी नियुक्तियां की गई हैं। कुम्हारी से मनहरण साहू, गोल्डी गोस्वामी, सुनीता कुर्रे, अवधेश शुक्ला, प्रणव श्रीवास्तव, अमलेश्वर से सुनील शर्मा, भारती यादव, लक्ष्मी देवांगन, हीरालाल साहू, रामाधार साहू, धमधा से उदयकांत पटेल, मन्नूलाल महोबिया, अजय मिश्रा, पाटन से दमोदर चक्रधारी, प्रकाश बिजौरा, गंगा प्रसाद देवांगन, उतई से शशि वर्मा, चेतन साहू, चंदू देवांगन, अहिवारा से लक्ष्मण क्षत्री, पुनिता राउत, ममता जंघेल, शिव शंकर कश्यप, नंद कुमार यादव को नियुक्त किया गया है। इन सभी का शपथ ग्रहण जल्द होना है।

## प्रदेश संगठन महामंत्री पवन ने ली बूथ कार्यकर्ताओं की बैठक, संगठन सशक्तीकरण पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 136वें एपिसोड के सामूहिक श्रवण के बाद भारतीय जनता पार्टी जिला भिलाई द्वारा वैशाली नगर विधानसभा के जुनवानी स्थित शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद नर्सिंग कॉलेज में बूथ कार्यकर्ताओं और संगठन पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय ने संगठन को बूथ स्तर पर और अधिक मजबूत बनाने पर जोर दिया।

- भिलाई में 700 से अधिक कार्यकर्ता हुए शामिल



बैठक को संबोधित करते हुए पवन साय ने कहा कि भाजपा की सबसे बड़ी ताकत उसका समर्पित बूथ कार्यकर्ता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से घर-घर संपर्क अभियान तेज करने, नए मतदाताओं से संवाद स्थापित करने, केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों से नियमित संपर्क बनाए रखने तथा सरकार की उपलब्धियों को आम जनता तक पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि संगठन के प्रत्येक कार्यक्रम को अनुशासन, समर्पण और टीम भावना के साथ सफल बनाना हर कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है। बूथ बैठकों, सदस्यता विस्तार अभियान, सेवा गतिविधियों और जनसंपर्क कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से संचालित करने के भी निर्देश दिए। बैठक में दुर्ग संभाग प्रभारी जगन्नाथ पाणिग्रही, जिला प्रभारी रामजी भारती, छत्तीसगढ़ खादी और ग्रामोद्योग बोर्ड के अध्यक्ष राकेश पांडेय, प्रदेश उपाध्यक्ष नंदन जैन, जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन सहित प्रदेश, जिला और मंडल स्तर के पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा करते हुए बूथ समितियों के सुदृढ़ीकरण, शक्ति केंद्रों की सक्रियता और आगामी कार्यक्रमों की तैयारियों पर चर्चा हुई। कार्यकर्ताओं को विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपते हुए समयबद्ध और अनुशासित ढंग से कार्य करने का आग्रह किया गया। कार्यक्रम में जानकारी दी गई कि भाजपा जिला भिलाई के सभी 13 मंडलों के बूथों पर मन की बात का सामूहिक श्रवण किया गया। जुनवानी में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में 700 से अधिक कार्यकर्ता शामिल हुए, जबकि जामुल मंडल में अहिवारा विधायक डोमन लाल कोसेवाड़ा और जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे के नेतृत्व में 500 से अधिक कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम सुना। जिला कार्यालय प्रियदर्शिनी परिसर में भी 150 से अधिक कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की।

## हाउसिंग बोर्ड में भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनी प्रधानमंत्री की मन की बात

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जिला भाजपा संगठन अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ द्वारा हाउसिंग बोर्ड स्थित बूथ 183 वार्ड 21 कैलाश नगर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम मन की बात की 138वीं कड़ी का सामूहिक श्रवण किया गया।




कार्यक्रम में प्रदेश भाजपा झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ के सह संयोजक एवं दुर्ग संभाग प्रभारी दिनेश देवांगन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भिलाई जिला झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ के जिला संयोजक मनोज तिवारी ने की। इस अवसर पर प्रदेश भाजयुमो कार्यसमिति सदस्य अमित मिश्रा, प्रदेश किसान मोर्चा कार्यसमिति सदस्य दिनेश मिश्रा, प्रदेश एनजीओ प्रकोष्ठ कार्यसमिति सदस्य राजेश सिंह, जिला सह संयोजक रामानुज प्रसाद, प्रेमचंद गिरी, अजय उपाध्याय, मातृशक्ति श्रीमती मीना गिरी, शिव यादव, अर्जुन साहू, अरविंद पांडे, मनीष सिंह, धर्मेंद्र पांडे, रंजीत सोनी, अविनाश कुमार धीरज, दीपक सिंह,संजय शर्मा,उत्तम साहू,चंदन शर्मा, के. संजू तथा मातृशक्ति श्रीमती पुनीत बाई सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। दिनेश देवांगन ने कहा कि मन की बात केवल एक रेडियो कार्यक्रम नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का जनआंदोलन है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समाज के प्रेरणादायी व्यक्तित्वों, नवाचारों और जनभागीदारी के उत्कृष्ट कार्यों को देश के सामने लाकर प्रत्येक नागरिक को सेवा, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, आत्मनिर्भरता और सामाजिक समरसता के लिए प्रेरित करते हैं। भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता इन संदेशों को हर बस्ती और समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाकर विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाए। भाजयुमो कार्यसमिति सदस्य अमित मिश्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री के विचार युवाओं को नवाचार, डिजिटल सशक्तिकरण, आत्मनिर्भरता और राष्ट्रसेवा के लिए प्रेरित करते हैं। उन्होंने युवाओं से समाजहित के कार्यों में बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाने की अपील की।

## जंतर-मंतर दिल्ली में मीडिया कर्मियों के साथ हुए दुर्व्यवहार की निंदा

**दुर्ग।** जंतर-मंतर दिल्ली में पत्रकारों और मीडिया कर्मियों के साथ दुर्व्यवहार और सुनियोजित ढंग से निशाना बनाए जाने और मारपीट की दुर्ग प्रेस क्लब ने निंदा की है।

प्रेस क्लब के अध्यक्ष अरुण मिश्रा और सदस्यों ने कहा कि प्रदर्शन की कवरेज कर रहे पत्रकारों पर हमला, उनके साथ मारपीट, अभद्र व्यवहार, समाचार संकलन में बाधा उत्पन्न करना तथा भय का वातावरण बनाना लोकतांत्रिक मूल्यों, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और स्वतंत्र पत्रकारिता पर सीधा हमला है। किसी भी परिस्थिति में पत्रकारों के साथ इस प्रकार की हिंसा स्वीकार्य नहीं हो सकती। दुर्ग प्रेस क्लब ने मांग की है कि इस घटना की निष्पक्ष एवं त्वरित जांच कर दोषियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए तथा भविष्य में कवरेज के दौरान पत्रकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी व्यवस्था की जाए।

यह सभा स्पष्ट करती है कि पत्रकार लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में अपनी जिम्मेदारी निभाते हैं। उनके साथ किसी भी प्रकार की हिंसा, धमकी या उत्पीड़न पूरे लोकतांत्रिक तंत्र के लिए गंभीर चिंता का विषय है। दुर्ग प्रेस क्लब ने इस घटना की सर्वसम्मति से निंदा करते हुए पत्रकारों की सुरक्षा, सम्मान और निर्भीक कार्य वातावरण सुनिश्चित करने की मांग करता है तथा देशभर के पत्रकार संगठनों से इस मुद्दे पर एकजुट होकर आवाज उठाने की मांग की है। साथ ही शासन-प्रशासन से अपील की है कि ऐसी घटना न हो, इसके लिए जरूरी कदम उठाए जाएं।

घटना की पत्रकारों में राजेंद्र ठाकुर, प्रकाश जैन, अजय जाधव, सतीश वर्मा, संतोष मिश्रा, पुनित कौशिक, देवीलाल साहू, धनेंद्र सिंह चंदेल, दीपक खडतकर, अतुल अग्रवाल, पवन देवांगन, हेमंत कपूर, महेंद्र साहू, रोमशंकर यादव, चंद्र शेखर पवार, आशीष ठाकुर, घनश्याम भारद्वाज, ज्वाला प्रसााद अग्रवाल, वीणा दुबे, पुरेंद्र देशमुख, दीपक राजपूत, हामिद खान, सुमित गुप्ता सहित अन्य ने भी निंदा की है।

## सेवा सेतु पोर्टल बना जनसुविधाओं का सशक्त माध्यम

# ऑनलाइन बनेंगे जन्म-मृत्यु, पंजीकरण, गुमास्ता लाइसेंस

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रशासनिक सेवाओं को अधिक सरल, पारदर्शी एवं जनसुलभ बनाने के उद्देश्य से विकसित सेवा सेतु पोर्टल नागरिकों के लिए शासकीय सेवाओं का सशक्त डिजिटल माध्यम बनकर उभरा है। इस अभिनव पहल के माध्यम से विभिन्न विभागों की सेवाएं अब एक ही ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध कराई जा रही हैं, जिससे नागरिकों को अलग-अलग कार्यालयों के चक्कर लगाने की आवश्यकता नहीं रहेगी। सेवा सेतु पोर्टल के माध्यम से नागरिक घर बैठे विभिन्न शासकीय सेवाओं के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं तथा निर्धारित समय-सीमा में सेवाओं का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। इससे शासन की सेवाओं में पारदर्शिता, सुगमता और जवाबदेही सुनिश्चित होने के साथ-साथ आमजन का समय एवं आर्थिक संसाधनों की भी बचत होगी।

- एक प्लेटफार्म में सारी सुविधा उपलब्ध

### इन प्रमुख सेवाओं का मिलेगा लाभ

सेवा सेतु पोर्टल पर जन्म प्रमाण पत्र सुधार एवं मृत्यु प्रमाण पत्र सुधार की सुविधा 7 दिवस, विवाह प्रमाण पत्र सुधार तथा विवाह पंजीकरण एवं प्रमाण पत्र 15 दिवस, व्यापार हेतु अनुज्ञप्ति (लाइसेंस) 15 दिवस, नल कनेक्शन हेतु आवेदन 30 दिवस तथा नगर पालिका क्षेत्र में संपत्ति नामांतरण की सुविधा 30 दिवस की समय-सीमा में उपलब्ध कराई जा रही है। इसके अलावा विभिन्न विभागों से संबंधित अन्य शासकीय सेवाएं भी पोर्टल पर क्रमबद्ध रूप से उपलब्ध हैं। डिजिटल सेवाओं से आमजन को बड़ी राहत सेवा सेतु पोर्टल के माध्यम से नागरिक अब अपने आवेदन की जानकारी एवं उसकी प्रगति भी ऑनलाइन देख सकेंगे।




### निगम दफ्तर के बार-बार चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे

डिजिटल सेवाओं के विस्तार से नगर निगम क्षेत्र सहित आसपास के नागरिकों को बार-बार कार्यालय आने की आवश्यकता नहीं होगी। इससे न केवल समय की बचत होगी, बल्कि आवागमन पर होने वाला अनावश्यक खर्च भी कम होगा।नगर निगम दुर्ग नागरिकों से अपील करता है कि वे अधिक से अधिक संख्या में सेवा सेतु पोर्टल का उपयोग कर शासन की डिजिटल सेवाओं का लाभ उठाएं तथा पारदर्शी एवं समयबद्ध सेवाओं का लाभ प्राप्त करें।

## खबर संक्षेप



### कारगिल विजय दिवस पर जागरुकता कार्यक्रम

**अंडा।** स्वर्गीय पुकेश्वर सिंह भारदीय शासकीय महाविद्यालय, निकुम में शनिवार को कारगिल विजय दिवस के अवसर पर भाषण एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सहायक प्राध्यापक (वनस्पति शास्त्र) अन्नपूर्णा यादव ने कारगिल विजय दिवस की पृष्ठभूमि, ऑपरेशन विजय, स्वतंत्रता के बाद भारत-पाकिस्तान के राजनीतिक संबंधों तथा ऐतिहासिक परिदृश्य पर विस्तार से प्रकाश डाला। वहीं, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी एवं सहायक प्राध्यापक (अंग्रेजी) वेद प्रकाश ठाकुर ने कहा कि देश और समाज के हित में कार्य करने के लिए हमें अपनी आंतरिक कमजोरियों को दूर करना होगा। सहायक प्राध्यापक (वाणिज्य) पूजा अग्रवाल ने कारगिल विजय दिवस से देशवासियों को मिलने वाली प्रेरणाओं और सीख पर अपने विचार व्यक्त किए। प्राचार्य डॉ. डी. के. बैलेंद्र ने विद्यार्थियों से इतिहास की घटनाओं से प्रेरणा लेकर भविष्य के निर्माण के लिए समर्पित भाव से कार्य करने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन अन्नपूर्णा यादव ने किया। इस अवसर पर डॉ. सीमा जायसवाल, अंजू रानी ठाकुर, डॉ. ओंकार प्रसाद चंद्रा, डॉ. शिप्पी देवांगन सहित महाविद्यालय के प्राध्यापकगण, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### नेवता भोज कराया

**अण्डा।** जन्मोत्सव के पावन अवसर पर शासकीय प्राथमिक शाला भोथली में स्नेह एवं सेवा भाव के साथ नेवता भोज का आयोजन किया गया।

### रामकथा संगोष्ठी व गुरु-सम्मान समारोह 2 को

**अंडा।** श्री मानस सुधा परिवार, जिला दुर्ग के तत्वावधान में चतुर्थ वर्ष पर प्रथम मासिक श्री रामकथा संगोष्ठी एवं वरिष्ठ गुरुजनों के गुरु-सम्मान समारोह का आयोजन 2 अगस्त रविवार को गुरुवारी बाजार चौक मंचग्राम अण्डा में किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 9:30 बजे दीप प्रज्वलन से होगा। इसके बाद 9:45 बजे श्री साईं मानस परिवार अण्डा द्वारा मंगलाचरण प्रस्तुत किया जाएगा। सुबह 10:00 बजे श्री रामकथा संगोष्ठी में विद्वान वक्ता श्रीरामचरितमानस के आदर्शों एवं जीवन मूल्यों पर अपने विचार रखेंगे। दोपहर 12:30 बजे गुरु-सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा, जिसमें वरिष्ठ गुरुजनों का सम्मान किया जाएगा। इस धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन के मुख्य आयोजक पं. महेन्द्र पाण्डेय एवं समस्त ग्रामवासी, ग्राम अण्डा हैं।

## साहू समाज के होनहार विद्यार्थियों का सम्मान समारोह

# उज्वल भविष्य के लिए संतान को संस्कारयुक्त आधुनिक शिक्षा दिलाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

साहू समाज धमना के तत्वावधान में समाज के होनहार विद्यार्थियों के सम्मान में रविवार को बहुमान समारोह का आयोजन हुआ। समारोह में 12 वीं 10वीं, 8वीं 5वीं की होनहार विद्यार्थियों का बहुमान समाज द्वारा किया गया। बहुमान समारोह के मुख्य अतिथि शिक्षा विद शैलेन्द्र कुमार साहू, मंत्रालय से सांख्यिकी अधिकारी घनश्याम लाल साहू ,सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर व्यवस्थापक एके जैन , जिला पंचायत सभापति प्रतिनिधि नारद साहू ,समाजसेवी जोगीराम साहू, पूर्व सरपंच अंकालू राम साहू ,समाजसेवी युवराज साहू, लेखराम साहू, ढालसिंह साहू मंचासीन थे।




### माता-पिता और गुरु से मिलता है संस्कार

अतिथि सांख्यिकी अधिकारी घनश्याम साहू ने कहा कि माता-पिता द्वारा अपनी धन जायजाद से अपने संतान के ज्ञान स्तर की तुलना करना बेमानी है। बच्चों को धर्म संस्कार से जोड़े विचार संपन्न बनाए, विचार संपन्न संतान माता-पिता की गरिमा का ध्यान रखते है। माता-पिता का नाम रोशन करते है। लेकिन माता-पिता सजग रहे आपके आचरण का अंश संतान को प्रभावित करता है, अपनी दिनचर्या को व्यवस्थित करके संतान को भी व्यवस्थित जीवन दे सकते है। संस्कार बाजार में नहीं मिलती माता-पिता गुरु की सान्निध्य में संस्कार पल्लवित होती है।

### संतान पर ध्यान दें माता-पिता

शिक्षा विद शैलेन्द्र कुमार साहू ने कहा कि बच्चों को संस्कारित आधुनिक शिक्षा दिलाना माता-पिता की पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। माता-पिता बच्चों को स्कूल भेजकर अपने कर्तव्य का इतिश्री ना समझे। जैसे किसान खेत में बीजारोपण के बाद भरपूर मेहनत कर अच्छा फसल पाता है। ठीक उसी तरह माता-पिता बच्चों की पढ़ाई संगत संस्कार आना जाना सब कार्य पर ध्यान दे।




### विद्यार्थी संस्कारमय सजगता अवश्य रखें

जिला पंचायत सभापति प्रतिनिधि नारद साहू ने कहा कि विद्यार्थी सजगता पूर्वक पढ़ाई में ध्यान दे निश्चित ही उन्हें आज की तरह घर परिवार समाज में सम्मान अवश्य मिलेगा। पूर्व सरपंच अंकालुराम साहू ने कहा कि शिक्षा ग्रहण करने वाले बच्चे आदर्श जीवन जिए।

### बच्चों का हुआ सम्मान

12 वीं की रेशमा व नम्रता, 10वीं सुभागी एवं यमन, 8 वीं निखिल एवं डेमन, 5वीं विद्या एवं चंचलसमाज के होनहार बच्चों का शील्ड प्रमाण पत्र भेंट कर सम्मान किया गया। व्यवस्था में सहयोग नारद साहू, ज लेखराम साहू , अंकालु राम साहू, संतोष साहू, जोगीराम साहू, शन्तुराम साहू,बीरबल साहू, सोमनलाल साहू, जितेश कुमार साहू ने किया। तीरथ साहू,युवराज साहू,जागेश्वर निर्मलकर, चुन्नू लाल ,मोहनलाल, ढालसिह ,पोषण, पुराण दिनेश, केनुक, कोमल ,भगीरथी, खेमलाल, लालकुमार, कोदाराम, वासुदेव सहित मातृशक्ति उपस्थित रहे। संचालन अंकालु राम साहू एवं आभार ढालसिंह साहू ने किया।

### बच्चों का भविष्य संवारें

सशिमं जामगांव आर व्यवस्थापक एके जैन ने कहा कि अच्छी आधुनिक शिक्षा के सरस्वती शिशु मंदिर जामगांव आर में एटीएल और एआई पैनल जैसी सुविधा का उपयोग करने के लिए क्षेत्र के टैलेंटेड विद्यार्थी अविलंब संपर्क कर सकते है। होनहार बच्चों को भरपूर लाभान्वित किए जाने विभिन्न योजना प्रसारित पहले ही की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि माता-पिता स्कूलों में जाकर अपने बच्चों एवं स्कूल की हाल चाल जाने और होनहार बच्चों का भविष्य संवारे।

## अंचल की खबरें

### क्षत्रिय समाज ने मनाई डॉ. खूबचंद जयंती



**कुम्हारी ।** मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज महिला ईकाई की ओर से डॉ खूब चंद बघेल की 126 वी जंयती कुर्मी भवन महामायापारा में मनाई गई। मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष मीना वर्मा थी। अध्यक्षता नगर महिला महिला अध्यक्ष योगिता वर्मा ने की। आयोजन में महिलाओं एवं बच्चो ने अनेक आकर्षक कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम समापन के पहले विजेताओं को पुरुस्कार वितरण किया गया। आयोजन मे मुख्य रूप से बीना बंछोर, मुनेश्वरी बघेल, देवकी वर्मा, कमला वर्मा, राधा वर्मा, निर्मला वर्मा, पुष्पा वर्मा, उर्वशी वर्मा, रेखा वर्मा, चित्रलेखा वर्मा, नंदनी वर्मा सहित मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज महिला ईकाई की महिलाएं भारी संख्या में सम्मिलित हुए । कार्यक्रम के समापन की घोषणा व आभार आजुराम वर्मा ने व्यक्त किया।

### ग्रामीणों ने सुनी मोदी की मन की बात




**सेलूद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात का कार्यक्रम बूथ क्रमांक 90 में ग्राम पहंडोर की सरपंच माया मढ़रिया के निवास में समस्त कार्यकर्ताओं के बीच में सुना गया। जिसमें मन की बात के प्रभारी हरप्रसाद आडिल थे। ग्राम पहंडोर के बूथ के अध्यक्ष मनीराम वर्मा , ग्राम पहंडोर के सह संयोजक थानेश्वर वर्मा, चित्रांगद मढ़रिया, संजय वर्मा उपस्थित थे। जिसमें रविवार को ग्राम पहंडोर जागेंद्र वर्मा, संदीप मढरिया, यमन कुमार मढरिया, ललिता यादव, अनिता वर्मा, भारती वर्मा, रेखा यादव, किरण वर्मा, भारती कपूर, लता अंगारे, तान्या मढ़रिया, मधु वर्मा, स्वाति मढ़रिया, जसवंत मढ़रिया, वरुण ठाकुर आदि मौजूद थे।

### शाला में लगा सीसीटीवी कैमरा



**अंडा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कुथरेल द्वारा शाला परिसर एवं कक्षाओं में सीसीटीवी लगाने अपने शाला के शिक्षक-शिक्षिकाओं हेमलता साहू, रचना नलोडे, शिक्षक चंद्र प्रकाश रात्रे, पालक को प्रेरित कर शाला प्रबंधन की बैठक रखकर आर्थिक सहयोग की अपील करते हुए दान की राशि से शाला के सभी कमरों में सीसीटीवी लगाया गया। इस शाला में केवल छात्र ही अध्ययन करते है। जो शिक्षक की अनुपस्थिति में अशोभनीय शब्दों का प्रयोग करते है। कक्षा से बाहर होने की शिकायत अधिक रहती थी। कैमरा लगने से बच्चे कक्षा में पहाड़ा याद करते, पढ़ाई करते नजर आ रहे है। कैमरा सभी शिक्षकों के मोबाईल से अटैच है। जिससे बच्चे शिक्षक की निगरानी में रहते है। शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष टिकेश्वरी यादव ने आर्थिक सहयोग दिया। सीसीटीवी कैमरे से विद्यार्थियों की विभिन्न गतिविधियों की भी जानकारी मिल सकेगी। सभी विद्यार्थी सीसीटीवी कैमरे के निगरानी में रहेगी।

## विभिन्न ग्रामों से गुजरी रथयात्रा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

संस्कार वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा लगातार दूसरी बार आयोजित 7 दिवसीय भगवान जगन्नाथ रथयात्रा का ऐतिहासिक पूर्णाहूति पाटन में संपन्न हुआ। यह रथयात्रा 16 जुलाई को अमलेश्वर से प्रारंभ हुई थी और सात दिनों तक विभिन्न ग्रामों से होकर हजारों लोगों की सहभागिता रही। पिछले वर्ष फाउंडेशन द्वारा 6 दिवसीय रथयात्रा का आयोजन किया गया था, जबकि इस वर्ष इसे बढ़ाकर 7 दिवसीय किया गया। इस प्रकार संस्था ने अपने ही पिछले रिकॉर्ड को पीछे छोड़ते हुए एक नया कीर्तिमान स्थापित किया। स्थानीय स्तर पर इसे भारत की सबसे लंबी निरंतर ग्राम स्तरीय जगन्नाथ रथयात्रा के रूप में देखा जा रहा है। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य था भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, लोक परंपराओं एवं सामाजिक मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाना था। संस्था का विश्वास है कि हमारी भारतीय संस्कृति हमें आपसी भाईचारा, प्रेम, सहयोग, सेवा, अनुशासन, पारिवारिक मूल्यों तथा सामाजिक एकता का संदेश देती है।

# अंडा-खप्परवाड़ा पुलिया का टूटा डिवाइडर बना हादसों का कारण, फिर बड़ा हादसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा



- ग्रामीणों ने की जिला प्रशासन व लोक निर्माण विभाग से मांग

दुर्ग-बालोद मुख्य मार्ग पर अंडा और खप्परवाडा के बीच स्थित पुलिया का टूटा हुआ डिवाइडर लगातार दुर्घटनाओं का कारण बनता जा रहा है। पिछले 2 से 3 वर्षों से क्षतिग्रस्त पड़ा यह डिवाइडर अब भी मरम्मत की राह देख रहा है। वहीं एक बार फिर इसी स्थान पर एक कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई, जिससे स्थानीय लोगों में आक्रोश बढ़ गया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दुर्घटनाग्रस्त कार में चार लोग सवार थे, जो ग्राम दनिया के निवासी बताए जा रहे हैं। हादसे के बाद कार के दरवाजे नहीं खुलने पर शीशा तोड़कर सभी को सुरक्षित बाहर निकाला गया। राहत की बात यह रही कि सभी लोग सुरक्षित हैं और किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। ग्रामीणों का कहना है कि पुलिया के डिवाइडर के साथ-साथ सड़क भी जर्जर हो चुकी है। कई बार लोक निर्माण विभाग और जनप्रतिनिधियों को इसकी जानकारी दी गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। शनिवार को हुई यह घटना विभागीय लापरवाही की एक और मिसाल बन गई है। स्थानीय लोगों के अनुसार यह मार्ग क्षेत्र के कई गांवों को जोड़ने वाला प्रमुख सड़क मार्ग है, जहां से प्रतिदिन सैकड़ों वाहन गुजरते हैं। रात के समय टूटा डिवाइडर और खराब सड़क स्पष्ट दिखाई नहीं देने के कारण दुर्घटना की आशंका और बढ़ जाती है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और लोक निर्माण विभाग से मांग की है कि पुलिया के क्षतिग्रस्त डिवाइडर की तत्काल मरम्मत कर सड़क को दुरुस्त किया जाए तथा सुरक्षा संकेतक और बैरिकेड लगाए जाएं, ताकि भविष्य में किसी बड़ी दुर्घटना से बचा जा सके।

# मन की बात की 136वें एपिसोड में पीएम ने दिए प्रेरणादायी संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई/जामुल



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' की 136वें एपिसोड जामुल भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रशांत बंटी गुप्ता के नेतृत्व में रविवार को जामुल के वार्ड 1 स्थित मंगल भवन में युवा मोर्चा के साथियों के साथ श्रवण किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में जनभागीदारी, राष्ट्रनिर्माण, पर्यावरण संरक्षण, नवाचार एवं सेवा भाव जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर मार्गदर्शन दिया। साथ ही छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में अमृत सरोवर योजना के तहत हुए सराहनीय कार्यों का उल्लेख करते हुए प्रदेश का गौरव बढ़ाया। आगामी कार्यक्रम हर-घर-तिरंगा अभियान को जन-जन का उत्सव बनाने का आह्वान किया। विधायक अहिवारा डोमन लाल कोर्सेवाड़ा, जिपं अध्यक्ष सरस्वती बंजारे, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष रेखराम बंछोर, पूनम शुक्ला, हेमंत देवांगन, महामंत्री ध्रुव देवांगन व ओम प्रकाश साहू आदि मौजूद थे।

## जनप्रतिनिधियों के साथ प्राथमिक शाला में वृक्षारोपण किया

# विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक ने बुनियादी दक्षता की जांच की, बच्चों ने सुनाया पहाड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेलूद



शासकीय प्राथमिक शाला बटंग में बस्तामुक्त शनिवार का आयोजन किया गया, जिसमें प्रार्थना सभा के साथ-साथ दिनभर विविध शैक्षणिक एवं सह-शैक्षणिक गतिविधियाँ संपन्न हुईं। विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक गुनेश्वर प्रसाद वर्मा , हाई स्कूल बटंग की प्राचार्य सुनीता श्रीवास्तव एवं ग्राम के जनप्रतिधि साथ ही बटंग के संकुल समन्वयक ब्रह्मानंद नायक, प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक कृष्णकुमार शर्मा, पूर्व माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक पंकज चंद्राकर ने वृक्षारोपण 'एक पेड़ मां के नाम के तहतर किया। अधिकारियों ने कक्षा में जाकर बच्चों की बुनियादी दक्षता की जांच की । 20 तक पहाड़ा और धारा प्रवाह हिंदी पठन पर बच्चों की दक्षता जांच की गई,जिसमे अधिकांश बच्चों ने 20 तक का पहाड़ा सुनाया तथा प्रश्नों के उत्तर दिए जिससे जांचकर्ता अधिकारी वर्मा जी ने ताली बजाकर बच्चों को प्रोत्साहित किया।

इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति के सदस्य, पंच कौशल्या लहरी, पंच कौशल्या लहरी, बीना निषाद, सहायक शिक्षक ब्रजेश तिलकिया, हर्षा बिनायक, मीना चौहान, कल्याणी ठाकुर, भुवनेश्वर शर्मा, मकसूदन निषाद, ओमप्रकाश वर्मा, राजुलाल वर्मा, प्रधान पाठक कृष्ण कुमार शर्मा, सूरज वर्मा एवं प्रियंका ठाकुर भी उपस्थित थे।
















विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### अमेरिका से कृषि उपजों और डेयरी उत्पादों के आयात का विरोध

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ प्रगतिशील किसान संगठन की बैठक नगपुरा में हुई। बैठक में खेती किसानी की समस्याओं पर चर्चा की गई। बैठक में किसानों ने अमेरिका से ट्रेड डील का विरोध किया गया। किसानों ने कहा कि अमेरिका से कृषि उपजों और डेयरी उत्पादों के आयात से किसानों के समक्ष गंभीर संकट की स्थिति निर्मित हो आएगी और देश के किसान सस्ते शुल्क मुक्त उत्पादों से प्रतिस्पर्धा नहीं कर सकेंगे। किसान संगठन की बैठक में कहा गया कि खाद और डीजल संकट के कारण उत्पादन लागत में प्रति एकड़ 5 हजार रुपए बढ़ गया है। बाजार की बढ़ती मंहगाई के कारण किसान अपने घरों का खर्च पूरी करने में असमर्थ हो गए है। आय का एकमात्र जरिया कृषि है। पिछले 3 साल से कृषि से किसानों की आय स्थिर है। इसे ध्यान में रखते हुए किसान संगठन ने इस खरीफ सीजन में धान की खरीद 3500 रुपए प्रति क्विंटल के भाव से करने और भाव में हर साल 8 फीसदी की वृद्धि करने की मांग की। किसान संगठन की नगपुरा बैठक में धमधा ब्लाक के लिटिया में निर्मित 220/132 केवी से औद्योगिक प्रयोजन से बिजली आपूर्ति करने का विरोध किया गया और इस स्टेशन से कृषि और ग्रामीण आवासीय प्रयोजन से बिजली आपूर्ति करने की मांग की गई है। बैठक में बुधदेव पटेल, दिलेश देवांगन, खेमचंद साहू, पंचराम साहू, गंगाराम पटेल, सहज कुमार सोनवानी, भारतलाल पटेल, समारू देशलहरा, कुलेश्वर देशमुख, केशव देशमुख, गजेंद्र साहू, दीपेश यादव, श्रीराम साहू, बसंत साहू, देवशरण साहू, होरी लाल साहू आदि उपस्थित थे।

### गेल इंडिया ने नहीं दिया फसल मुआवजा, शिकायत

**दुर्ग।** ननकट्टी, बोड़ेगांव सहित आसपास के दर्जनों गांवो में गेलइंडिया द्वारा गैस पाइप लाइन बिछाने का काम किया गया है। पिछले साल पाइप लाइन बिछाने के बाद उसी स्थिति में खेतों को छोड़ दिया गया था। उन खेतों को किसान अपने पैसे से खेती के लायक बनाए हैं, जिसकी राशि गेलइंडिया से किसानों को आज तक नहीं दिया गया है। कुछ किसानों को एनओसी में झूठ बोलकर हस्ताक्षर करवाया गया। इस समय कहा गया कि आपको मुआवजा दिया जा चुका का है, जबकि किसानों को खेत समतलीयकरण का पैसा दिया ही नहीं गया है। विगत वर्ष फसल मुआवजा की राशि दी गई है। खेत समतलीकरण किसानों ने खुद करया गया है। बोडेगांव में किसानों को झूठ बोलकर एनओसी पर हस्ताक्षर करवाने का प्रयास किया जा रहा है। किसान नेता रवि प्रकाश ताम्रकार ने कहा कि इसे लेकर लगातार शासन-प्रशासन और कलेक्टर से शिकायत की जा रही है, लेकिन समस्या का अब तक समाधान नहीं हुआ है। जल्द ही निर्णय नहीं लिए जाने की स्थिति में किसानों को उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा।

# जिपं. क्षेत्र क्रमांक 6 के हायर सेकंडरी स्कूलों में लगेगी कॅरियर गाइडेंस की क्लास

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 6 के अंतर्गत आने वाले प्रत्येक हायर सेकेंडरी स्कूलों में कॅरियर गाइडेंस की क्लास लगेगी। इस क्लास जिला पंचायत सदस्य व सभापति प्रिया साहू ने पहल की है। ग्रामीण इलाके के विद्यार्थियों को अपनी मंजिल तक पहुंचाने कॅरियर गाइडेंस क्लास लगाने के पीछे उनका मकसद हैं कि उनके क्षेत्र के हर विद्यार्थी के को सपनों पंख मिल सके। अपनी मंजिलो को प्राप्त कर अपने माता पिता का अपने गाँव का नाम रोशन कर सके। शिक्षा के क्षेत्र में यह अनुकरणीय पहल की है।

## जिला पंचायत सभापति प्रिया साहू ने नगपुरा सेजेस स्कूल से शिक्षा के क्षेत्र में की अनुकरणीय पहल

### नगपुरा स्वामी आत्मानंद स्कूल से की शुरुआत

स्वामीं आत्मानंद सरकारी स्कूल नगपुरा में क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य व सभापति प्रिया साहू ने विद्यार्थियों को मंजिल तक पहुंचने के लिए कैरियर गाइडेंस की क्लास लगवाकर इसकी शुरूआत की। इस क्लास में नवमीं से 12 वीं तक के विद्यार्थियों को शामिल किया गया। विद्यार्थियों को दसवीं के बाद कौन कौन से सब्जेक्ट ले सकते हैं। बारहवीं के बाद क्या क्या कोर्स होते है, कौन कौन से सरकारी नौकरियां होती है। उसके लिए कौन सा कोर्स करना पड़ेगा, कितने कम्पटीशन एग्जाम देना पड़ते है, कैरियर के कितने रास्ते है, किस- किस फील्ड में अपने कॅरियर बना सकते इन सब विषयों के बारे में विद्यार्थियों को विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई।



### विद्यार्थियों के लिए मार्गर्शन बेहद जरूरी- प्रिया

सभापति प्रिया साहू ने कहा कि जिस तरह से शिक्षा के लिए बुनियादी सुविधा जैसे स्कूल भवन , क्लास की आवश्यकता होती है वैसे ही विद्यार्थियों को सही मार्गदर्शन की भी बहुत जरूरत होती है , क्योंकि बहुत सारे विद्यार्थियों ऐसे होते है जिनको जानकारी की अभाव में अपने मंजिल से भटक जाते है क्योंकि उनको सही मार्गदर्शन नहीं मिल पाता । वे अपना कई साल जानकारी के अभाव में व्यर्थ कर लेते है। इसीलिए मेरे द्वारा अपने क्षेत्र के बच्चो के लिए कैरियर गाइडेंस क्लास लगाया जा रहा है।

### प्राचार्य ने की सराहना

स्वामी आत्मानंद स्कूल नगपुरा के प्राचार्य ने कॅरियर गाइडेंस क्लास की सराहना की। उन्होने कहा कि हमारे स्कूल में बच्चो के लिए कैरियर गाइडेंस की क्लास लगवाई गई। इस क्लास के लिए सभी बच्चे काफी उत्साहित थे। इस तरह की क्लास की बहुत आवश्यक है। इससे बच्चो एवं उसके पेरेंट्स के लिए आगे भविष्य के लिए माइंड क्लियर होती है और आसानी होती हैं। हम अपने स्कूल में सभी टीचरों के द्वारा इसे बूस्ट करते रहेंगे।

## अब रोजाना 50 रुपए अतिरिक्त मजदूरी, छुट्टियां, वेतन पर्ची और अन्य लाभ भी मिलेंगे

# बीएसपी ठेका मजदूरों की बड़ी जीत, ठेकेदार ने लौटाए वेतन से कटे पैसे, 62 श्रमिकों को मिले 14.80 लाख रुपए

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

## हरिभूमि ने उठाया था मुद्दा : ठेका कंपनी जीआर इंटरप्राइजेस ने मानी अपनी गलती

भिलाई इस्पात संयंत्र में कार्यरत ठेका मजदूरों के वेतन से हर माह 3 हजार से 6 हजार रुपए तक वापस लिए जाने के मामले में श्रमिकों को बड़ी राहत मिली है। केंद्रीय श्रमायुक्त, रायपुर में दस्तावेजों और साक्ष्यों के साथ की गई शिकायत की जांच में आरोप सही पाए गए। इसके बाद संबंधित ठेका कंपनी जीआर इंटरप्राइजेस ने अपनी गलती स्वीकार करते हुए 62 श्रमिकों को 14 लाख 79 हजार 419 रुपए का भुगतान किया। बैठक में यह भी तय हुआ कि वर्तमान अनुबंध अवधि के दौरान किसी भी ठेका श्रमिक की सेवा उसी ठेकेदार द्वारा समाप्त नहीं की जाएगी।

भिलाई इस्पात संयंत्र में कार्यरत ठेका मजदूरों की लंबे समय से चली आ रही लड़ाई आखिरकार रंग लाई। केंद्रीय श्रमायुक्त (प्रवर्तन), रायपुर की मौजूदगी में ठेका कंपनी और श्रमिक संगठन के बीच हुए द्विपक्षीय समझौते के बाद 57 ठेका श्रमिकों को 25-25 हजार रुपए और 5 श्रमिकों को 79 हजार 419 रुपए का वैधानिक बोनस बैंक खाते में जारी कर दिया गया है। साथ ही ठेका कंपनी ने मजदूरों को कई अन्य महत्वपूर्ण श्रम अधिकार देने पर भी सहमति जताई है। इस दौरान ठेका कंपनी जीआर इंटरप्राइजेस के पार्टनर राजेश अग्रवाल, संघर्षशील इंजीनियरिंग श्रमिक संघ के महासचिव भीमराव बागड़े, तुलसीराम देवदास, केजी कुरैशी सहित ठेका श्रमिक मौजूद थे। ठेका श्रमिकों ने 1 जून को वेतन भुगतान में गड़बड़ी और श्रम कानूनों के उल्लंघन की शिकायत केंद्रीय श्रमायुक्त कार्यालय और दुर्ग पुलिस अधीक्षक से की थी। इस कार्यालय उप मुख्य श्रमायुक्त केन्द्रीय द्वारा 16 जून को नोटिस जारी करते हुए बीएसपी प्रबंधन और ठेका कंपनी जीआर इंटरप्राइजेस को 30 जून को अपना पक्ष रखने के लिए बुलाया था। इसमें बीएसपी प्रबंधन की ओर से प्रतिनिधि तो शामिल हुए लेकिन ठेकेदार नहीं पहुंचे। केंद्रीय श्रमायुक्त कार्यालय में 23 जुलाई को हुई सुनवाई में दोनों पक्षों ने लिखित समझौता प्रस्तुत किया, जिसके बाद मामले का निपटारा किया गया। समझौते के अनुसार ठेका कंपनी अब सभी ठेका श्रमिकों को राज्य के न्यूनतम वेतन के अतिरिक्त प्रतिदिन 50 रुपए अतिरिक्त भुगतान करेगी। वर्ष 2025-26 का 25-25 हजार रुपए वैधानिक बोनस श्रमिकों के बैंक खातों में जारी किया जा चुका है। इसके अलावा अक्टूबर 2026 में चालू कार्य अवधि के लिए प्रत्येक पात्र श्रमिक को कम से कम 10 हजार रुपए बोनस देने पर भी सहमति बनी है। समझौते के तहत ठेका कंपनी सभी श्रमिकों को वेतन पर्ची, उपस्थिति कार्ड और श्रम कानूनों के अनुरूप रिकॉर्ड उपलब्ध कराएगी। पात्र कर्मचारियों को अर्जित अवकाश ईएल, आकस्मिक अवकाश सीएल, राष्ट्रीय अवकाश और सार्वजनिक अवकाश का लाभ भी मिलेगा। यदि भविष्य में बीएसपी में केंद्रीय न्यूनतम वेतन लागू होता है तो संशोधित वेतन और पहले दिए गए वेतन के अंतर की राशि भी पात्र ठेका श्रमिकों को एरियर के रूप में दी जाएगी। केंद्रीय श्रमायुक्त कार्यालय ने स्पष्ट किया है कि दोनों पक्षों ने स्वेच्छा से समझौता किया है। यदि भविष्य में समझौते या श्रम कानूनों का उल्लंघन होता है तो पीड़ित पक्ष कानून के अनुसार दोबारा कार्रवाई के लिए स्वतंत्र होगा। गौरतलब है कि ठेका श्रमिकों के वेतन से रकम वापस लेने का मामला हरिभूमि ने प्रमुखता से प्रकाशित किया था। शिकायत के बाद हुई जांच और कार्रवाई के परिणामस्वरूप अब श्रमिकों को आर्थिक राहत मिलने के साथ उनके श्रम अधिकारों को भी सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है।


परेशान मजदूरों ने दस्तावेजों के साथ पुलिस में की ठेकेदार और सुपरवाइजर की शिकायत

बीएसपी ठेकेदार मजदूरों की मेहनत में डाल रहे डाका, हर महीने 3 से 6 हजार की अवैध वसूली







बीएसपी में मजदूरों से वसूली का आरोप, श्रम विभाग में शिकायत के बाद जांच हुई तेज

केंद्रीय श्रम विभाग ने बीएसपी प्रबंधन और आरोपी ठेकेदार को किया तलब

### समझौते की 7 प्रमुख बातें

1. प्रतिदिन 50 रुपए अतिरिक्त वेतन
2. 25,000 रुपए बोनस का भुगतान
3. 1 अगस्त से वेतन पर्ची और छुट्टियों का लाभ
4. शिकायत करने पर नौकरी नहीं जाएगी
5. अक्टूबर 2026 में 10,000 रुपए बोनस
6. केंद्रीय न्यूनतम वेतन लागू होने पर एरियर

### बैंक ट्रांजेक्शन बने सबसे बड़ा सबूत

ठेका कंपनी जीआर इंटरप्राइजेस पर मजदूरों ने आरोप लगाया था कि वेतन खाते में आने के कुछ ही समय बाद उनसे जबरन रकम वापस ली जाती थी। हर महीने वेतन मिलने के दिन ही उनसे 3 हजार से लेकर 6 हजार रुपए तक ऑनलाइन ट्रांसफर कराए जाते थे। यह रकम ठेकेदार के सुपरवाइजर जयदीप कुमार के बैंक खाते में भेजी जाती थी। आरोप था कि यह वसूली पिछले करीब डेढ़ साल से लगातार चल रही थी। बताया जाता है कि अब तक करीब 62 मजदूरों ने सामने आकर इस तरह की वसूली का आरोप लगाया था। मजदूरों ने बैंक ट्रांजैक्शन के रिकॉर्ड और अन्य दस्तावेजों व साक्ष्यों के साथ पुलिस अधीक्षक दुर्ग, भट्ठी थाना और केंद्रीय श्रमायुक्त रायपुर में शिकायत की थी।

### वेतन पर्ची तक नहीं छुट्टियों से भी वंचित थे ठेका श्रमिक

भिलाई इस्पात संयंत्र में जीआर इंटरप्राइजेस के अधीन कार्यरत ठेका श्रमिकों को केवल वेतन कटौती का ही सामना नहीं करना पड़ रहा था, बल्कि उन्हें श्रम कानूनों के तहत मिलने वाली कई वैधानिक सुविधाओं से भी वंचित रखा गया था। श्रमिकों की शिकायत के अनुसार उन्हें नियमित रूप से हाजिरी पर्ची, वेतन पर्ची, राष्ट्रीय एवं त्योहारी अवकाश तथा अर्जित अवकाश (ईएल) का लाभ नहीं दिया जा रहा था। मामला केंद्रीय श्रमायुक्त (प्रवर्तन), रायपुर पहुंचने के बाद सुनवाई हुई। जांच और दोनों पक्षों के बीच हुए लिखित समझौते में ठेका कंपनी ने इन सुविधाओं को नियमानुसार उपलब्ध कराने पर सहमति जताई।

## गंदगी और सड़क बाधा पर 4200 रुपए जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

निगम आयुक्त एवं स्वास्थ्य अधिकारी के निर्देशानुसार नगर पालिक निगम भिलाई के जोन क्रमांक 01, वार्ड क्रमांक 17 स्थित आकाशगंगा प्रतिष्ठान एवं सब्जी मंडी क्षेत्र में विशेष जांच व चालानी कार्रवाई अभियान चलाया गया।

कार्रवाई के दौरान दुकानों में प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग, प्रतिष्ठानों के आसपास गंदगी फैलाना तथा मंडी में अवैध रूप से दुकानों के सामने सामान रखकर सड़क बाधित करने वालों पर सख्त रुख अपनाते हुए 4,200 रुपए का सड़क बाधा व जुर्माना शुल्क वसूला गया।

### इन पर हुई कार्रवाई

जगन्नाथ नाश्ता सेंटर गंदगी व साफ-सफाई न रखने पर 400 रुपए, राजेश चाय ठेला सिंगल यूज प्लास्टिक पाए जाने पर 100 रुपए, महादेव फर्नीचर, अवैध रूप से सड़क बाधित करने पर 50 रुपए, मेवा लाल गुपचुप ठेला सिंगल यूज प्लास्टिक पाए जाने पर 200 रुपए, श्री राम फर्नीचर सड़क बाधित करने पर 50 रुपए, मोहन भाई सब्जी सेंटर सड़क बाधित करने पर 200 रुपए, लाल मणि यादव (ड्राइवर) सड़क बाधा उत्पन्न करने पर 200 रुपए, रज्जू पोल्ट्री फार्म अवैध रूप से वाहन खड़े कर सड़क बाधित करने पर 3,000 रुपए वसूले गए।

## दुर्ग के 21 हितग्राहियों को मिला प्रधानमंत्री आवास

**दुर्ग।** प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के अंतर्गत आर्थिक रूप से कमजोर एवं पात्र परिवारों को स्वयं का पक्का आवास उपलब्ध कराने की दिशा में लगातार कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में सरस्वती नगर, मां कर्मा बोरसी एवं गोकुल नगर में एएचपी घटक के तहत निर्मित आवासों के आवंटन की प्रक्रिया पारदर्शी तरीके से जारी है। इस माह गोकुल नगर में 1, सरस्वती नगर में 16 तथा मां कर्मा बोरसी में 4 आवासों के लिए प्राप्त कुल 21 आवेदनों का लॉटरी के माध्यम से आवंटन किया गया। पूरी प्रक्रिया हितग्राहियों की उपस्थिति में संपन्न हुई, जहां प्रत्येक हितग्राही ने स्वयं पर्ची निकालकर अपने आवास का चयन किया। महापौर अलका बाघमार ने एमआईसी सदस्य देव नारायण चंद्राकर, नरेंद्र बंजारे एवं जितेंद्र ताम्रकार,रामचंद्र सेन, सहायक अभियंता संजय ठाकुर की उपस्थिति में लॉटरी प्रक्रिया संपन्न कराई। चयनित हितग्राहियों को आवंटन पत्र प्रदान किए गए। निगम प्रशासन ने बताया कि निर्धारित संपूर्ण राशि जमा करने के उपरांत हितग्राहियों को आधिपत्य पत्र प्रदान किया जाएगा।

# संत रविदास जयंती पर निकलेगी तिरंगा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दुर्ग




संत शिरोमणि रविदास महाराज की 650वीं जयंती और आगामी दोनों होने वाले तिरंगा यात्रा पर आयोजित कार्यक्रमों और अभियानों की रूपरेखा तैयार करने जिला भाजपा कार्यालय में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में संत रविदास के विचारों, सामाजिक समरसता के संदेश और उनके जीवन दर्शन को जन-जन तक पहुंचाने के लिए तथा तिरंगा यात्रा प्रस्तावित कार्यक्रमों को अंतिम रूप दिया गया।

मुख्य अतिथि प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय थे। अध्यक्षता जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने की। इस दौरान मंत्री गजेंद्र यादव, भाजपा दुर्ग संभाग प्रभारी और प्रदेश उपाध्यक्ष जगन्नाथ पाणिग्रही, जिला संगठन प्रभारी और प्रदेश उपाध्यक्ष नंदन जैन, विधायक ललित चंद्राकर, ईश्वर साहू, भाजपा प्रदेश मंत्री जितेंद्र वर्मा, तेलघानी विकास बोर्ड के अध्यक्ष जितेंद्र साहू, महापौर अलका बाघमार, जिला महामंत्री दिलीप साहू, विनोद अरोरा मंचासीन थे। भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय ने कहा कि संत रविदास ने अपने विचारों और शिक्षा के माध्यम से समाज से भेदभाव को मिटाकर समरसता का संदेश दिया। भाजपा की एक विशेष टीम 27 जुलाई को वाराणसी जाकर वहां से कलश में पवित्र माटी और जल लेकर छत्तीसगढ़ आएगी। इस पवित्र जल और माटी को प्रदेश के सभी प्रमुख देव स्थलों और मंदिरों में ले जाया जाएगा, जहां विशेष सांस्कृतिक व धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। विद्यालयों, महाविद्यालयों और बस्तियों में निबंध, चित्रकला एवं विचार-विमर्श प्रतियोगिताओं के जरिए नई पीढ़ी को संत रविदास जी के विचारों से अवगत कराया जाएगा। साथ ही 10 अगस्त से लेकर 15 अगस्त तक तिरंगा यात्रा का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। बुथ स्तर तिरंगा हर घर में लगाना है। प्रदेश उपाध्यक्ष जगन्नाथ पाणिग्रही ने कहा कि पार्टी का यह अभियान केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि संत रविदास जी के विचारों को हर घर तक पहुँचाने का संकल्प है। भाजपा के जिला संगठन प्रभारी एवं भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष नंदन जैन ने कहा कि सभी जिलों में 25, 26, 27 जुलाई तक कार्यशाला होगी। कार्यशाला में उपाध्यक्ष शिवेंद्र परिहार, सरिता मिश्रा, हर्षा चंद्राकर,मनोज सोनी, राजीव पांडेय, गिरेश साहू, शैलेंद्र शैंडे, गायत्री वर्मा, शैलेंद्री मांडवी, नवीन पवार, ओमप्रकाश सेन, ध्रुव सचदेव, नीलेश अग्रवाल, सैयद आसिफ अली, राहुल पंडित नितेश साह, रितेश शर्मा आदि उपस्थित थे।

# संगठन विस्तार, बूथ सशक्तीकरण और चुनावी रणनीति पर हुआ मंथन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई



भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला भिलाई की प्रथम परिचयात्मक बैठक हुई। बैठक में संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों और युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में सहभागिता कर आगामी संगठनात्मक गतिविधियों, बूथ सशक्तिकरण, सदस्यता विस्तार व नगर निगम चुनाव की तैयारियों को लेकर विस्तृत चर्चा की। इस अवसर पर भाजपा जिला प्रभारी रामजी भारती, जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन, जिला महामंत्री मनीष अग्रवाल, सुषमा जेठानी, दीक्षा अग्रवाल, मुकेश साहू, जिला अध्यक्ष सौरभ जायसवाल आदि उपस्थित थे। जिला अध्यक्ष सौरभ जायसवाल ने कहा कि भारतीय जनता युवा मोर्चा का प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की सबसे बड़ी ताकत है। आने वाले समय में प्रत्येक बूथ तक संगठन को मजबूत करना, युवाओं को जोड़ना तथा केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना युवा मोर्चा की सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का संगठन कार्यकर्ता आधारित संगठन है। अनुशासन, समर्पण और सेवा की भावना के साथ कार्य करते हुए युवा मोर्चा जिले में संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएगा। बैठक के अंत में सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने संगठन हित को सर्वोपरि रखते हुए पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ कार्य करने संकल्प लिया। बैठक में आकाश ठाकुर, कुंदन फेकर, विशाल दीप नायर, अमित मिश्रा, प्रशम दत्ता, कुशल साहू, आनन्द ताम्रकर आदि उपस्थित थे।

## मैत्री बाग में विभिन्न प्रजातियों के वन्य प्राणियों को लाने की जरूरत

# नए जानवरों की आवक में आड़े आ रहा सेंट्रल जू अथॉरिटी के नियम

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

कुछ साल पूर्व तक विभिन्न प्रजातियों के आाकर्षक वन्य प्राणियों के लिए जाना जाने वाला मैत्रीबाग जू अब धीरे धीरे अपनी

- आकर्षक जानवरों की आमद नहीं, सैलानी हो रहे निराश

चमक खोता जा रहा है। एक ओर कैज खाली होते जा रहे हैं वहीं दूसरी ओर नए और आकर्षक जानवरों की आमद नहीं होने से सैलानियों को निराश होना पड़ रहा है। सेल व बीएसपी की प्राथमिकता बदलने और सेंट्रल जू अथारिटी आफ इंडिया के पेंचीदा नियमों के चलते मैत्रीबाग में नए जानवरों की आमद या एक्सचेंज मुश्किल बनी हुई है।

उल्लेखनीय है कि पचास साल पुराना



बीएसपी का मैत्रीबाग चिड़ियाघर एक डेढ़ दशक पूर्व तक कई देशी विदेशी प्रजातियों के वन्य प्राणियों के लिए अलग पहचान बनाए हुए था। यहां करीबन 70 नस्लों के छह सौ से अधिक जानवर, पक्षी और अन्य प्राणी हुआ करते थे। लेकिन इस दौरान वृद्धावस्था के चलते कई वन्य प्राणियों के मरने और अन्य जू से नए जानवरों को यहां कम लाए जाने से धीरे धीरे कैज खाली होते जा रहे हैं। वर्तमान में 5 वाइट टाइगर, 1 लायन, 1 तेंदुआ और करीब सौ हिरणों, दर्जनभर बंदर तथा तीस सांभर व नील गाय सहित लगभग तीन से जानवर, परिंदे आदि अन्य प्राणी ही बचे हैं। इनमें अधिकतर तोते, खरगोश, लव बड्र्स व गिनिपिग आदि हैं। पर्यटक लंबे समय से बीएसपी प्रबंधन से यहां विभिन्न प्रजातियों के देशी विदेशी आकर्षक वन्य प्राणियों को लाए जाने की मांग कर रहे हैं। लेकिन उन्हें निराश होना पड़ रहा है। नए जानवरों के एक्सचेंज को लेकर सेंट्रल जू अथारिटी के जटिल नियम आड़े आ रहे हैं। जानकार सूत्रों के मुताबिक अथारिटी के नियमों के मुताबिक किसी भी जू में नए जानवर लाने या अदलाबदली के लिए जू अथारिटी के सख्त नियम है। वन्य प्राणियों की सुरक्षा, संरक्षण व संवर्धन के लिए बने इन नियमों के तहत ट्रांसपोर्टिंग, सुरक्षा, कैज के आकार, खानपान, देखभाल, प्रजनन, अनूकूल वातावरण, पर्याप्त स्टाफ, सलेक्शन आफ एनिमल्स आदि मानकों की कसौटी पर जू का खरा उतरना अनिवार्य है। एक जू से दूसरे चिड़ियाघर में जानवरों या पक्षियों की अदला बदली को जू अथारिटी की मुहर लगने के बाद ही इसके लिए मंजूरी मिलती है। सूत्रों के मुताबिक मैत्रीबाग में चिड़ियाघर का विस्तारीकरण जवाहर उद्यान तक किया जाना था। लेकिन बजट के चलते जवाहर उद्यान में जानवरों के नए कैज कि शिफ्टिंग दस साल से लंबित है। वहीं मैनपावर की कमी से पर्याप्त स्टाफ की किल्लत भी आड़े आ रही है। कुछ जानवरों के प्रजनन पर भी जू अथारिटी ने रोक लगा रखी है। इसके अलावा पिछले डेढ़ दशक से सेल और बीएसपी की प्राथमिकता बदलने से शिक्षा, चिकित्सा व मनोरंजन आदि से हाथ खींच लेने व निजीकरण की नीति के कारण भी मैत्रीबाग की चमक फीकी पड़ रही।

### नए जानवरों की आवक लंबित

मैत्रीबाग में कुछ हिरणों के बदले एक तेंदुआ और दो भालू यहां लाए जाने की योजना छह महीने से लंबित है। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक सेंट्रल जू अथारिटी ने एक्सचेंज की अनुमति दे दी है । लेकिन अब तक नए जानवर यहां नहीं लाए जा सके हैं। पर्यटकों ने बताया कि मैत्रीबाग में देशी विदेशी आकर्षक जानवरों को लाए जाने से ही रौनक बढ़ेगी। इससे जू एकूजेखन के साथ राजस्व भी बढ़ेगा।

### निजीकरण होते होते बचा

छह माह पूर्व सेल द्वारा सेक्टर नौ अस्पताल व बीएसपी स्कूलों के साथ मैत्रीबाग जू के भी निजीकरण किए जाने की तैयारी थी। लेकिन विधायक देवेंद्र यादव आदि जन प्रतिनिधियों, यूनियनों व लोगों के पुरजोर विरोध के बाद मैत्रीबाग के निजीकरण के निर्णय को वापस लेने प्रबंधन को मजबूर होना पड़ा। वहीं पचास साल बाद भी मैत्रीबाग जू का ग्रेड अपग्रेड सेंट्रल अथारिटी द्वारा नहीं किया गया है।



हरिभूमि लाइव
रायपुर, सोमवार 27 जुलाई 2026
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
0788- 4091720, Message at 7747020002, 9755819129

02



विजय दिवस पर दिखा राष्ट्रभक्ति...

## लाइव इवेंट

### जयकारों और भजनों से गूंजा संत नामदेव मंदिर, आषाढ़ी एकादशी पर हरिपाठ-कीर्तन में झूमें भक्त



**भिलाई।** आषाढ़ी एकादशी का पर्व संत नामदेव महाराज मंदिर में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सुबह काकड़ आरती, पूजा और अभिषेक के बाद श्री विठ्ठल-रखुमाई की प्रतिमा और संत नामदेव महाराज को सुंदर फूलों से शृंगार किया गया। मंदिर में हरिपाठ, भजन-कीर्तन हुआ। जय जय हरी विठ्ठल, जय पांडुरंग, संत शिरोमणि नामदेव महाराज की जय के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो उठा। आरती के बाद भक्तों में प्रसाद वितरित किया गया। देव शयनी एकादशी पर सभी सनातनी लोगो ने अपने-अपने रीति-रिवाजों से मंदिरों और घरों में भगवान विष्णु की पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर शांती नगर निवासी आर के भीमा ने अपने घर पर विधि-विधान से भगवान विष्णु को ऋतु फल और पारंपरिक भोग अर्पित कर पूजा-पाठ संपन्न किया।



## लाइव इवेंट

### पौधरोपण पर्यावरण संरक्षण का कार्य नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य निर्माण का संकल्प



**भिलाई।** एनसीसी और स्काउट-गाइड के विद्यार्थियों दवरा पर्यावरण संरक्षण के लिए केंद्रीय विद्यालय दुर्ग में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन उत्साह और पर्यावरण चेतना के साथ किया गया। भारत सरकार के जनभागीदारी आधारित पर्यावरण अभियान एक पेड़ मां के नाम के अंतर्गत केंद्रीय विद्यालय परिसर में पौधरोपण तक पर्यावरण संरक्षण और वृक्ष संवर्धन का संकल्प लिया गया। विद्यार्थियों के उत्साह, अनुशासन एवं सक्रिय सहभागिता को सराहा गया। इस अवसर पर अतिथियों ने कहा कि एक पौधा लगाना केवल पर्यावरण संरक्षण का कार्य नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के निर्माण का संकल्प भी है।

#### अनुशासन विद्यार्थियों के जीवन की सबसे बड़ी पूंजी

कार्यक्रम उपस्थित मिस ग्लैम छत्तीसगढ़ हेमा सक्सेना ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि उन्हें इस बात का गर्व है कि वे स्वयं केंद्रीय विद्यालय की छात्रा रही हैं। उन्होंने केंद्रीय विद्यालय चिरमिरी से अपनी शिक्षा प्राप्त की है और आज भी केंद्रीय विद्यालय द्वारा दिए गए संस्कार एवं अनुशासन उनके जीवन की सबसे बड़ी पूंजी हैं। उन्होंने कहा कि एक पौधा लगाना केवल पर्यावरण संरक्षण का कार्य नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के निर्माण का संकल्प है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रत्येक पौधे की नियमित देखभाल कर उसे एक विशाल वृक्ष बनने तक संरक्षित रखने की बातें कही। विद्यालय की उप प्राचार्य पुष्पा बड़ा ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व है। यदि प्रत्येक विद्यार्थी अपने जीवन में कम से कम एक पौधे का संरक्षण करने का संकल्प ले, तो हरित और स्वच्छ भारत का सपना शीघ्र साकार हो सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रकृति के प्रति संवेदनशील बनने तथा वृक्षों को अपने परिवार का सदस्य मानकर उनकी देखभाल करने की प्रेरणा दी।

#### मां के सम्मान में कम से कम एक पौधा जरूर लगाएं

कार्यक्रम के संयोजक डॉ. अजय आर्य ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के बारे में कहा कि यह अभियान केवल पौधरोपण तक सीमित नहीं है, बल्कि अपनी मां के प्रति सम्मान, कृतज्ञता और प्रेम को प्रकृति की सेवा से जोड़ने का एक राष्ट्रीय संकल्प है। जिस प्रकार मां हमें जीवन, संस्कार और संरक्षण प्रदान करती है, उसी प्रकार वृक्ष भी हमें प्राणवायु, छाया, फल, जल संरक्षण तथा जीवन का आधार प्रदान करते हैं। इसलिए प्रत्येक नागरिक अपनी मां के सम्मान में कम से कम एक पौधा लगाए, उसका संरक्षण करे और उसे वृक्ष बनने तक अपनी जिम्मेदारी समझे। यही इस अभियान का मूल उद्देश्य है।

इस अवसर पर हेमा सक्सेना, पुष्पा बड़ा तथा एनसीसी अधिकारी एम. के. भारद्वाज द्वारा अनेक विद्यार्थियों को पौधे भेंट किए गए। विद्यार्थियों को निर्देश दिया गया कि वे इन पौधों को अपने घर अथवा घर के आसपास उपयुक्त स्थान पर लगाएं और उनकी नियमित देखभाल करते हुए उन्हें वृक्ष बनने तक सुरक्षित रखें। विद्यार्थियों ने भी पौधों के संरक्षण का संकल्प लिया।



● 55 बेला-5 तेला तपस्या की भेंट, देशभर से उमड़ेंगे गुरुभक्त, आवास-भोजन की विशेष व्यवस्था

# भक्तिभाव से सराबोर हुई ट्विनसिटी, मणिभद्र मुनि महाराज का हुआ चातुर्मास प्रवेश

## सकल जैन समाज ने गाजे-बाजे के साथ किया स्वागत, अहिवारा में भी गूंजे मंगल जयघोष

भिलाई। दुर्ग राष्ट्र संत मानव मिलन के संस्थापक गुरुदेव मणिभद्र मुनि महाराज और साधु-साध्वी समुदाय का भव्य चातुर्मास प्रवेश रविवार को दुर्ग नगर में अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ। यात्रा के दौरान नगर भक्तिमय वातावरण में सराबोर रहा तथा श्रद्धालुओं ने जयघोष और मंगल गीतों के साथ गुरुदेव की अगवानी की। ओसवाल पंचायत दुर्ग के आह्वान पर जैन समाज के सभी वर्गों और संप्रदायों ने एकजुटता दिखाते हुए गुरुदेव का स्वागत किया। इसी दिन अहिवारा नगर में भी आचार्य रामलाल महाराज की शिष्याओं का चातुर्मास के मंगल प्रवेश हुआ, जिससे पूरा दुर्ग-भिलाई क्षेत्र धर्म आराधना के रंग में रंग गया। आयोजकों के अनुसार आगामी चार माह तक देशभर से हजारों गुरुभक्त प्रवचन, तपस्या और सेवा में सहभागी बनेंगे।





### बाहर से आए श्रद्धालुओं को सुविधा

चार माह के चातुर्मास के दौरान देशभर से आने वाले श्रद्धालुओं और अतिथियों के स्वागत-सत्कार के लिए आवास एवं भोजनशाला समिति का गठन कर उसे सक्रिय कर दिया गया है। प्रवेश के पहले दिन गौतम प्रसादी की उत्कृष्ट व्यवस्था निर्मल रतन बोहरा के मार्गदर्शन में की गई। भोजनशाला की व्यवस्था में अजय नाहर और केवल छाजेड़ ने महत्वपूर्ण सहयोग दिया। वहीं आवास व्यवस्था की जिम्मेदारी अशोक रतन बोहरा, विकास चोपड़ा और जिनेश वैद्य संभाल रहे हैं, ताकि बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।



### दुर्ग में ऐतिहासिक शोभायात्रा और भव्य स्वागत

चातुर्मास प्रवेश यात्रा ओसवाल पंचायत दुर्ग के नेतृत्व में निकाली गई। भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव समिति, जैन मूर्तिपूजक संघ, तेरापंथ परिवार, समता परिवार, सुधर्म परिवार, समर्थ परिवार, शांत क्रांति संघ, दिगंबर जैन पंचायत और चातुर्मास समिति सहित समस्त संस्थाओं के पदाधिकारी और सैकड़ों श्रद्धालु जयघोष, मंगल गीत और बैंड-बाजे के साथ गुरुदेव की अगवानी में शामिल हुए। पूरा नगर भक्तिमय वातावरण से सराबोर रहा। गुरुदेव के दर्शन के लिए छत्तीसगढ़ के अलावा देश के विभिन्न क्षेत्रों से गुरु भक्त बड़ी संख्या में दुर्ग पहुंचे।

### धर्मचक्र आराधना और तपस्या की भेंट

चातुर्मास प्रवेश के अवसर पर श्रद्धालुओं ने गुरुदेव मणिभद्र मुनि को 55 बेला और 5 तेला तपस्या की अनुपम भेंट समर्पित की। धर्मचक्र आराधना के तहत तेला तपस्या का शुभारंभ 27, 28 और 29 जुलाई को होगा, जबकि बेला तपस्या 28 और 29 जुलाई से प्रारंभ होगी। आयोजकों ने बताया कि इन तपस्या कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में श्रावक-श्राविकाएं भाग लेंगे। इस तपस्या आयोजन में चंदा रूणवाल, लता छाजेड़, रूचिका बाधमार सहित श्रमण संघ महिला मंडल की सभी सदस्यों ने सक्रिय भूमिका निभाई।

### श्रमण संघ की अपील और संचालन

कार्यक्रम का संचालन मंत्री राकेश संचेती ने किया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के अलावा देश के विभिन्न क्षेत्रों से गुरु भक्त अपने गुरुदेव के दर्शन वंदन और प्रवेश में भाग लेने बड़ी संख्या में दुर्ग पहुंचे थे। आयोजन में वर्धमान सेवा मं श्रमण संघ स्वाध्याय मंड श्रवण संघ महिला मंड श्रवण संघ बालिका मंडल और जय आनंद मधुकर पाठशाला के सदस्यों का विशेष सहयोग रहा।

### अहिवारा में साध्वी संघ का मंगल प्रवेश 300-400 श्रद्धालु हुए शामिल

दुर्ग के साथ ही अहिवारा नगर में भी धर्म की गंगा बही। पूज्य आचार्य 1008 रामलाल महाराज साहब के उपाध्याय प्रवर राजेश मुनि महाराज की सुशिष्याएं साध्वी शासन दीपिका सुप्रज्ञा श्री जी, सुश्रद्धा श्री जी, साध्वी सुरचिता श्री जी और साध्वी सुहर्षा श्री जी का चातुर्मास के लिए अहिवारा स्थानक भवन में मंगल प्रवेश हुआ। इस अवसर पर धमधा, देवकर, साजा, बेरला, बीजा, गिरौला, परपोड़ी, मूरमुंडा सहित आसपास के अनेक गांवों से समाज के लगभग 300–400 श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ एवं प्रमुखजनों में विशेष रूप से लाभचंद बाफना, धरमचंद बाफना, कैलाश नाहटा, मेवीलाल वडेर, अशोक बाफना, गौतम चंद बरमेचा, जितेंद्र बाफना, संतोष बाफना सहित आसपास क्षेत्र के विशिष्ट नागरिक उपस्थित रहे।


## 26वें वसुंधरा सम्मान के लिए निर्णायक समिति गठित, 14 को आयोजन

**भिलाई।** लोकजागरण के लिए प्रदत्त वसुंधरा सम्मान का यह निरंतर 26वां वर्ष है। इस वर्ष के सम्मान का चयन करने के लिए निर्णायक समिति का गठन किया गया है। समिति के अध्यक्ष पत्रकार विश्वेश ठाकरे होंगे। प्रसार भारती के पूर्व निदेशक लीलाधर मंडलोई दिल्ली, कथाकार सतीश जायसवाल बिलासपुर, आलोचक डॉ वीरेंद्र मोहन सागर, संपादक ई वी मुरली रायपुर, कथाकार श्रद्धा थवाईत रायपुर, विनोद मिश्र संयोजक वसुंधरा सम्मान, डॉ अरुण कुमार श्रीवास्तव अध्यक्ष आयोजन समिति और श्वेता उपाध्याय संपादक कृति वसुंधरा निर्णायक समिति के सदस्य होंगे। वसुंधरा सम्मान 14 अगस्त को महात्मा गांधी कला मंदिर सभागार भिलाई में प्रदान किया जाएगा। निर्णायक समिति के विचार विमर्श के बाद ही एक अगस्त को निर्णय की घोषणा की जाएगी।

## दुर्ग जिले में पहली बार स्थापित हुई मां बगलामुखी पीताम्बरा देवी

**दुर्ग।** दुर्ग जिले के कांदबरी नगर स्थित श्रीराम जानकी मंदिर और भैरव साधना केंद्र में मां बगलामुखी पीताम्बरा देवी की प्राण प्रतिष्ठा एवं स्थापना संपन्न हुई। इस अवसर पर मंदिर के साधक सौरभ शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि यह दुर्ग जिले का पहला मंदिर है, जहां मां बगलामुखी पीताम्बरा देवी की विधिवत स्थापना की गई है। उन्होंने बताया कि मां बगलामुखी दस महाविद्याओं में अष्टम महाविद्या के रूप में पूजित हैं। सनातन परंपरा में मां बगलामुखी की उपासना शत्रु बाधा से रक्षा, विरोधियों पर विजय की कामना तथा साहस और आत्मविश्वास की प्राप्ति के लिए की जाती है। श्रद्धालु न्यायिक मामलों, जीवन की विभिन्न बाधाओं तथा नकारात्मक प्रभावों से मुक्ति की कामना लेकर भी मां के दरबार में दर्शन एवं पूजा-अर्चना के लिए पहुंचते हैं।

सौरभ शर्मा ने बताया कि मंदिर में प्रत्येक अष्टमी तिथि एवं प्रत्येक शनिवार को श्रद्धालुओं के लिए निःशुल्क नजर दोष निवारण की



व्यवस्था की जाती है। इस सेवा का लाभ अब तक हजारों श्रद्धालु प्राप्त कर चुके हैं और बड़ी संख्या में भक्त नियमित रूप से मंदिर पहुंचकर मां बगलामुखी का आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं। उन्होंने जिले एवं आसपास के श्रद्धालुओं से मां बगलामुखी पीताम्बरा देवी के दर्शन एवं पूजा-अर्चना के लिए मंदिर आकर आध्यात्मिक लाभ प्राप्त करने अपील की।

## रफ़ी साहब के गीतों से गूंजेगी 30 जुलाई को संगीतमय श्रद्धांजलि संध्या

**भिलाई।** भारतीय सिनेमा के स्वर सम्राट पद्मश्री मोहम्मद रफ़ी साहब की 46वीं पुण्यतिथि पर द वॉइस ऑफ दुर्ग सिटी रफ़ी फाउंडेशन द्वारा 30 जुलाई गुरुवार को शाम 6.30 बजे तकिया पारा, मुस्लिम सराय में संगीतमय श्रद्धांजलि संध्या का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण



गायक संजय लारोकर और उनकी टीम की विशेष प्रस्तुति होगी। हुबहू रफ़ी साहब जैसी आवाज़ से वे कालजयी गीतों को पेश करेंगे। हिन्दी सिनेमा के स्वर्णिम युग के सदाबहार गीत भी सुनाए जाएंगे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महापौर अलका बाघमार उपस्थित रहेंगी। विशिष्ट अतिथि कैलाश जैन बरमेचा, आकांक्षा मिश्रा, अब्दुल वहिद ख़ान सहित छत्तीसगढ़ शासन के खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड के अध्यक्ष व कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त राकेश पाण्डेय और विधायक रिकेश सेन शामिल होंगे। फाउंडेशन सचिव जाहिद अली ने सभी संगीत प्रेमियों से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

### ब्राह्मण मित्र मंडल के अंतर्गत समाज हित में उल्लेखनीय कार्य करने राममिलन दुबे को किया सम्मानित

कार्नर न्यूज

## विश्व कल्याण की कामना के साथ जुटेगा ब्राह्मण समाज, 3 अगस्त को होगा सामूहिक रुद्राभिषेक

**भिलाई।** ब्राह्मण मित्र मंडल की बैठक रविवार को मंगल वाटिका, कोहका रोड, कुरुद में संयोजक पंडित राम मिलन दुबे की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में आगामी 3 अगस्त को प्रथम श्रावण सोमवार के अवसर पर सामूहिक रुद्राभिषेक आयोजित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में संयोजक राम मिलन दुबे ने कहा कि विश्व कल्याण, राष्ट्र कल्याण और सर्व समाज की आरोग्यता के लिए सुबह 10 बजे से मंगल वाटिका प्रांगण में विद्वान पंडितों द्वारा देवाधिदेव महादेव का सामूहिक रुद्राभिषेक किया जाएगा। इसके बाद हवन-पूजन और भोजन प्रसाद की व्यवस्था रहेगी। उन्होंने ब्राह्मण समाज के सभी सदस्यों से सहभागिता की अपील करते हुए सामूहिक आयोजन में सभी की भागीदारी पर जोर दिया। कार्यक्रम की रूपरेखा की विस्तृत जानकारी पंडित राजमणि दुबे ने दी। उन्होंने ब्राह्मण समाज के सभी भाई-बहनों से उपस्थित होने का अनुरोध किया।

#### राम मिलन का शॉल, श्रीफल और पुष्पहार से सम्मान

बैठक के अंत में समाज हित में अभूतपूर्व कार्य करने के लिए संयोजक राम मिलन दुबे का ब्राह्मण समाज द्वारा शॉल, श्रीफल और



पुष्पहार से सम्मान किया गया। कारगिल विजय दिवस पर देश के शहीदों को 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि भी अर्पित की गई। बैठक में सरयू पारीण ब्राह्मण समाज अध्यक्ष प्रभुनाथ मिश्रा, राम लखन मिश्र, राजमणि दुबे, महेश तिवारी, चंद्र शेखर पाण्डे, राकेश शुक्ला, शंकर चरण पांडे, विष्णु पाठक, जे एन तिवारी, रितु शुक्ला, शिव सागर मिश्रा, दिनेश मिश्रा, डॉ सोमनाथ दिवेदी, पं हरेकृष्ण पांडे, इंद्रमणि मिश्रा, अंजनी कुमार द्विवेदी, गोकुलेश तिवारी, रामविलास मिश्रा, राम उपकर तिवारी, ईश्वर चंद्र त्रिपाठी, विमलेश पांडे, मनोज शुक्ला, सुदेश मिश्रा, एन पी मिश्रा, नागेन्द्र पाण्डे, अखिलेश त्रिपाठी, नित्य नारायण पांडे, निखिल शुक्ला, उमेश शुक्ला, रामबिहारी मिश्रा, हिमांशु तिवारी,अमित मिश्रा, विजय पांडे, ओमप्रकाश मिश्रा गौतम, दीपक मिश्रा सहित समाज के सदस्य उपस्थित थे। बैठक में समाज हित में आगामी समय में और कार्यक्रम करने का भी निर्णय लिया गया।

## सिटी इवेंट

### अंधविश्वास और कर्मकांड को छोड़कर पहचाने अपने अधिकार



■ हर्षोल्लास से मनी शाहूजी महाराज और डॉ. खूबचंद बघेल की जयंती, सामाजिक न्याय और संवैधानिक अधिकारों पर दिया गया जोर

**दुर्ग।** अखिल भारतीय एससी, एसटी, ओबीसी संयुक्त मोर्चा एवं मनवा कुर्मी समाज दुर्ग के संयुक्त तत्वावधान में शंकर नगर स्थित मनवा कुर्मी भवन में राजर्षि छत्रपति शाहूजी महाराज और डॉ. खूबचंद बघेल की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में विभिन्न समाजों के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए।

कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों ने दोनों महापुरुषों के चित्रों पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर की। मुख्य अतिथि ब्रम्हदेव पटेल ने कहा कि ईमानदारी, निडरता और जनहित के लिए किया गया आंदोलन कभी असफल नहीं होता। शाहूजी महाराज और डॉ. खूबचंद बघेल का जीवन इसका उदाहरण है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कमल वर्मा ने कहा कि शाहूजी महाराज ने वर्ष 1902 में अपने राज्य में पिछड़े और दलित वर्ग के लिए 50 प्रतिशत आरक्षण लागू कर सामाजिक न्याय की नई मिसाल कायम की। उन्होंने डॉ. भीमराव आंबेडकर को आर्थिक सहयोग देकर उनके सामाजिक आंदोलन को भी मजबूती प्रदान की। राष्ट्रीय सचिव अनिल मेश्राम ने कहा कि शाहूजी महाराज और डॉ. खूबचंद बघेल ने जीवनभर छुआछूत, ऊंच-नीच, भेदभाव और अन्याय के खिलाफ संघर्ष किया तथा समाज में समानता और जागरूकता का संदेश दिया। कार्यक्रम संयोजक एवं संयुक्त मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कौशल वर्मा ने कहा कि पिछड़ा वर्ग को अंधविश्वास और कर्मकांड से ऊपर उठकर संविधान द्वारा मिले अधिकारों को पहचानना होगा। संगठित होकर ही 27 प्रतिशत आरक्षण सहित अन्य लंबित मांगों को हासिल किया जा सकता है। इस अवसर पर कृषि क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए मैकेनिकल इंजीनियर रूपेश चंद्राकर को राजर्षि शाहूजी महाराज सम्मान से सम्मानित किया गया। उन्हें शाल, श्रीफल और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। रूपेश चंद्राकर ने नौकरी छोड़कर 221 एकड़ में आधुनिक खेती अपनाई है और करीब 400 परिवारों को रोजगार उपलब्ध करा रहे हैं। कार्यक्रम का संचालन रमेश पटेल ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन पवन दिल्लीवार ने किया। समारोह में रोशन वर्मा, अरुण बघेल, तेजबहादुर बंछोर, सविता वर्मा, क्रांति चंद्रवंशी, चंद्रिका रावत, ऊषा ठाकुर सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

## ● हेमचंद यादव विश्वविद्यालय में कारगिल विजय दिवस का आयोजन, शहीदों को किया नमन

# विजय दिवस पर दिखा राष्ट्रभक्ति का भाव, मंच से उतरकर अग्निवीरों के परिजनों को किया सम्मानित

**दुर्ग।** हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग में कारगिल विजय दिवस पर आयोजित राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान सबसे भावुक क्षण विश्वविद्यालय के भूतपूर्व छात्र जो आज अग्निवीर के रूप में भारतीय सशस्त्र बलों में देशसेवा कर रहे हैं, उनके परिजनों को मंच पर नहीं बुलाकर अतिथियों ने स्वयं मंच से नीचे उतरकर श्रद्धा, आत्मीयता और सम्मान के साथ अभिनंदित करना रहा। जिसे देख सभी की आंखे नम हुई। शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय के डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन सभागार में हुए इस आयोजन में प्राचार्यों, प्राध्यापकों, शोधार्थियों और सैकड़ों विद्यार्थियों की उपस्थिति रही। वर्तमान शैक्षणिक सत्र का यह विश्वविद्यालय का पहला प्रमुख कार्यक्रम था, जिसने कारगिल युद्ध के अमर शहीदों के साहस और बलिदान को याद करते हुए राष्ट्रप्रेम की नई ऊर्जा भरी। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और राष्ट्रगान के साथ हुई। इसके बाद कारगिल युद्ध के शहीदों को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सभागार में देशभक्ति गीतों और वीर रस की कविताओं ने माहौल को गौरवपूर्ण बना दिया। समारोह का मुख्य आकर्षण अग्निवीरों के परिजनों का सम्मान रहा। विश्वविद्यालय प्रशासन ने विशेष रूप से उन परिवारों को आमंत्रित किया जिनके बेटे आज अग्निवीर बनकर सीमा पर तैनात हैं। जब मुख्य अतिथियों ने मंच छोड़कर सीटों तक जाकर परिजनों को शॉल, श्रीफल और सम्मान पत्र भेंट किया तो पूरा सभागार तालियों से गूंज उठा। कई परिजनों की आंखें नम हो गईं। उपस्थित विद्यार्थियों के लिए यह दृश्य राष्ट्रसेवा और कर्तव्यनिष्ठा का जीवंत पाठ बन गया।



### कारगिल युद्ध आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणादायक

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार हर्षवर्धन त्रिपाठी थे। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि कारगिल विजय केवल एक युद्ध की जीत नहीं है। यह भारतीय सेना के अदम्य साहस, अनुशासन और राष्ट्रनिष्ठा का प्रतीक है। कारगिल की चोटियों पर हमारे जवानों ने जो शौर्य दिखाया, वह आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा है। आज के युवा को अपने कर्तव्यों के प्रति सजग रहकर राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखना होगा। उन्होंने अग्निवीर योजना की भी सराहना की और कहा कि यह युवाओं को देशसेवा का सीधा अवसर दे रही है। समारोह की अध्यक्षता कर रहे कुलपति प्रो. डॉ. संजय तिवारी ने कहा कि कारगिल विजय दिवस केवल विजय का उत्सव नहीं है। यह उन अमर वीरों को नमन करने का दिन है जिन्होंने मातृभूमि की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। विश्वविद्यालय का दायित्व केवल ज्ञान देना नहीं, बल्कि राष्ट्रनिर्माण, चरित्र निर्माण और राष्ट्रीय चेतना को जागृत करना भी है। अग्निवीरों के परिजनों का सम्मान इसी राष्ट्रीय दायित्व के प्रति हमारी प्रतिबद्धता है। उन्होंने विद्यार्थियों से अनुशासन, देशभक्ति और सेवा भाव अपनाने का आह्वान किया।





### युवाओं को सुरक्षा बलों में करियर बनाने किया प्रेरित

विशिष्ट अतिथि के रूप में पुलिस उप महानिरीक्षक, दुर्ग विजय अग्रवाल ने युवाओं को सुरक्षा बलों में कैरियर बनाने के लिए प्रेरित किया। वरिष्ठ शिक्षाविद टोपलाल वर्मा ने कारगिल युद्ध की पृष्ठभूमि और सैनिकों के त्याग पर विस्तार से प्रकाश डाला। शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार सिंह ने भी अपने विचार रखे।आयोजन में सचिव और संयोजक कुलसचिव भूपेंद्र कुलदीप और डॉ. दिनेश नामदेव की विशेष भूमिका रही। कार्यक्रम का संचालन प्रो. चंद्रशेखर शर्मा ने प्रभावी ढंग से किया और अंत में आभार प्रदर्शन डॉ. दिनेश नामदेव ने किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय से संबद्ध विभिन्न महाविद्यालयों के प्राचार्य, एनसी कैडेट्स, शिक्षक और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे। राष्ट्रगान के साथ समापन हुआ। पूरे कार्यक्रम ने उपस्थित जनसमूह के मन में राष्ट्रप्रेम, कर्तव्यनिष्ठा और देशसेवा की भावना को नई ऊर्जा प्रदान की।

## समाज लाइव

### आत्मचिंतन, प्रेरणा और नवचेतना का अनुपम स्त्रोत है मन की बात



■ विधायक ललित चंद्राकर ने बूथ कार्यकर्ताओं के साथ सुना मन की बात

**भिलाई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम मन की बात को दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने बूथ कार्यकर्ताओं के साथ स्टेशन मरोदा के बीआरपी कॉलोनी वार्ड 16, बूथ क्रमांक 227 में सुना। इस अवसर पर ललित चंद्राकर ने कहा कि प्रधानमंत्री का प्रतिमाह मन की बात कार्यक्रम हम सभी के लिए केवल संवाद का माध्यम नहीं है, यह आत्मचिंतन, प्रेरणा और नवचेतना का अनुपम स्त्रोत है। यह कार्यक्रम राष्ट्रजीवन के विविध आयामों से हमें परिचित कराते हुए ज्ञानवर्धन, सद्भावना और सकारात्मक दृष्टिकोण का संवर्धन करता है, जिससे प्रत्येक श्रोता कुछ नवीन सीखने और आत्मसात करने का अवसर प्राप्त करता है। आगे उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश निरंतर एक नए आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रहा है। लगातार पिछले कई महीनों से प्रधानमंत्री मन की बात कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ का उल्लेख कर रहे हैं। बस्तर ओलंपिक, बस्तर पंडुम तथा मल्हार में मिले ताम्रपट का जिक्र किया गया। विधायक चंद्राकर ने कहा आज कैच द रेन अभियान के तहत उन्होंने कोरबा का उल्लेख किया। इसके लिए हम प्रधानमंत्री के बहुत-बहुत आभारी हैं। उन्होंने आज आह्वान किया कि आने वाले गणेश पूजन में हम सभी लोग प्रदेश और अपने गांव की मिट्टी से बनी भगवान गणेश की प्रतिमा की स्थापना और पूजा करें तथा स्वदेशी को अपनाएं। यह स्वदेशी अपनाने का संकल्प ही आत्मनिर्भर भारत की नींव है। इस अवसर पर मरोदा पुरैना मंडल अध्यक्ष राजू जंघेल, मंडल उपाध्यक्ष और बूथ प्रभारी नवीन ममता सिन्हा, मंडल उपाध्यक्ष राजूराम, इंदु साहू, संतोष कुशवाहा, रोहित साहू, दिलीप सोनी, यशवंत कुमार, विक्की नायक, दुबे दास साहू, सुशीला साहू, लीला साहू, राधा साहू, सोनिया मंडावी आदि उपस्थित थे।

### छात्राओं को स्कूल पहुंचने में अब नहीं होगी देर, छात्राओं को मिली साइकिल

**दुर्ग।** शासकीय अनुदान प्राप्त शहीद भगत सिंह स्कूल तितुरडीह में शासन द्वारा संचालित सरस्वती सायकिल योजना अंतर्गत कक्षा 9 वीं की छात्राओं को सायकल वितरण किया गया। यह सायकल जिला शिक्षण समिति के शाला संचालन समिति अध्यक्ष विरेन्द्र शुक्ला एवं विद्यालय के प्राचार्य सीपी अग्रवाल के संयुक्त प्रयास से वितरित किया गया। इस अवसर पर शाला संचालन समिति अध्यक्ष विरेन्द्र शुक्ला ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह सायकल छात्राओं के लिए उपयोगी होगा। छात्राओं को स्कूल आने जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। अब वे समय पर स्कूल पहुंच पाएंगे। कार्यक्रम का संचालन एसएन हरमुख ने किया। सायकल वितरण के दौरान स्कूल के शिक्षक-शिक्षिका के अलावा विद्यार्थी बड़ी संख्या में मौजूद रहे।



## सुरक्षित ड्राइविंग की अपील

### रेल चौक पर दिया सड़क सुरक्षा का संदेश नियम मानने वालों का चॉकलेट से सम्मान





**भिलाई।** सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और यातायात नियमों के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से रविवार को सेंट्रल एवेन्यू स्थित रेल चौक सेक्टर-10 पेट्रोल पंप के पास पर दिशा संस्था और यातायात पुलिस भिलाई के संयुक्त तत्वावधान में विशेष सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान दोपहिया और चारपहिया वाहन चालकों को हेलमेट, सीट बेल्ट और सुरक्षित वाहन संचालन के महत्व की जानकारी दी गई।

दिशा संस्था की सदस्याओं सुधा और एलिस ने दोपहिया वाहन चालकों से हेलमेट तथा चारपहिया वाहन चालकों से सीट बेल्ट का नियमित उपयोग करने की अपील की। साथ ही वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का इस्तेमाल नहीं करने, निर्धारित गति सीमा का पालन करने और ट्रैफिक सिग्नलों का सम्मान करने का संदेश दिया गया। अभियान के दौरान माइक के माध्यम से लगातार सड़क सुरक्षा संबंधी संदेश प्रसारित किए गए। संस्था के सदस्यों ने राहगीरों और वाहन चालकों से संयमित गति से वाहन चलाने तथा स्वयं के साथ दूसरों की सुरक्षा का भी ध्यान रखने की अपील की।इस अभियान में यातायात पुलिस के टीआई पीडी चंद्रा, एएसआई वी मोहन राव, एएसआई राजेश मणि, प्रधान आरक्षक नरेश राव तथा आरक्षक विकास शर्मा, छत्रपाल साहू, फिरोज खान और इंद्रेश साहू ने सक्रिय भागीदारी निभाई। वहीं दिशा संस्था की ओर से राजेश धारकर, रामानुजन राजू, जीएस संधू, सुजीत चक्रवर्ती, भास्कर देवनाथ, शांतनु दासगुप्ता, एसके दशोरे, नरसिम्हा राव, प्रदीप दास, जवाहर, मोहन गिरी, रामजी सिन्हा, दुष्यंत तिवारी, एसके मराठे, सुधा, एलिस सहित अनेक सदस्य उपस्थित थे।

## शिक्षा मित्र सोसायटी ने की मदद

### मेधावी विद्यार्थियों को मिली 1.10 लाख रुपए की आर्थिक सहायता



**भिलाई।** डॉ. बाबासाहेब बीआर आंबेडकर के पे बैक टू द सोसायटी के संदेश को आत्मसात करते हुए डॉ. आंबेडकर शिक्षा मित्र सोसायटी भिलाई-दुर्ग ने सामाजिक शिक्षा उत्थान की दिशा में एक और सराहनीय पहल की है। रविवार को आयोजित कार्यक्रम में उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे पांच जरूरतमंद और मेधावी विद्यार्थियों को कुल 1 लाख 10 हजार रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की गई। सोसायटी की ओर से देवी रत्ना ऊके बीए ऑनर्स, दिल्ली विश्वविद्यालय और पायल रामटेके एमटेक एआई को 25-25 हजार रुपए, जबकि सुजल श्यामकुंवर जेईई, तिशा रामटेके नीट और गगन वासनिक बीटेक को 20-20 हजार रुपए की सहायता राशि देकर उनकी आगे की पढ़ाई में सहयोग किया गया। सोसायटी ने सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि शिक्षा के माध्यम से समाज को सशक्त बनाना ही संस्था का प्रमुख उद्देश्य है। संस्था के पदाधिकारियों ने बताया कि पिछले 10 वर्षों से समाज के दानदाताओं के सहयोग से विभिन्न संकायों में अध्ययनरत जरूरतमंद छात्र-छात्राओं को लगातार आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। इस पहल से अनेक विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा का सपना पूरा करने में मदद मिली है। सोसायटी के अध्यक्ष अजय गणवीर और संचालक सुभाष बंसोडकर ने इस सामाजिक अभियान में सहयोग करने वाले सभी दानदाताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज के सामूहिक सहयोग से ही शिक्षा के क्षेत्र में यह सेवा कार्य निरंतर आगे बढ़ रहा है।

## कोऑपरेटिव एंड वेलफेयर सोसाइटी लिमिटेड ने सेवानिवृत्त कर्मियों को दी विदाई

# सेक्टर-4 सोसाइटी के साथ बीएसपी के नए कार्मिकों को जोड़ेंगे, सम्मान पत्र और शॉल श्रीफल देकर दी विदाई

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** बीएसपी एम्पलाइज कोऑपरेटिव एंड वेलफेयर सोसाइटी लिमिटेड सेक्टर-4 ने एक समारोह में माह जून 2026 में भिलाई स्टील प्लांट की सेवा से निवृत्त हुए अपने सदस्य कर्मियों को ससम्मान विदाई दी। विदाई समारोह में रिटायर कर्मियों ने सोसाइटी के प्रति अपने लगाव को खुल कर जाहिर किया और उम्मीद जताई कि भिलाई स्टील प्लांट की सेवा से जुड़ने वाले युवा इसी सोसाइटी के सदस्य बनेंगे। शुरुआत में सोसाइटी के अध्यक्ष पूरन लाल देवांगन ने सभी रिटायर कर्मियों को सम्मान पत्र, मिठाई, श्रीफल व अंतिम भुगतान का चेक प्रदान कर सम्मानित किया। अपने उद्बोधन में अध्यक्ष पूरनलाल देवांगन ने कहा कि रिटायर कर्मियों को हम सोसाइटी परिवार से अलग नहीं समझते है, वे हमारे परिवार का हिस्सा हैं। इस दौरान रिटायर कर्मियों ने भी अपनी भावनाएं व्यक्त की। मशीन असेंबलिंग एंड रि- इंजीनियरिंग शॉप-1 से संजय शर्मा ने कहा मुझे इस बात का गर्व है कि सोसाइटी की शुरुआत मशीन शॉप से हुई और आज भी मशीन शॉप के लोग नेतृत्व कर रहे हैं।



### सोसाइटी ने दिया सहारा

मेडिकल से कल्पना जोनाथन ने बताया कि उनके पति भी इस सोसाइटी से जुड़े थे और वह भी हमेशा इसी सोसाइटी से जुड़ी रही। जब भी निजी तौर पर आर्थिक मुश्किलें आईं तो सेक्टर-4 सोसाइटी ने हमेशा सहारा दिया। मेडिकल से गीतांजलि साहू ने सोसाइटी के त्वरित कामकाज की सराहना करते हुए कहा कि मेरी हमेशा जनरल शिफ्ट में ड्यूटी लगती थी। ऐसे में 4.30 बजे ड्यूटी से छूट कर सोसायटी पहुंचती थी और मेरा काम 5 मिनट में हो जाता था।



### सभी क्षेत्रों में है अव्वल

फाउंड्री एंड पैटर्न शॉप से विश्वनाथ ने कहा कि यहां सबके साथ समान व्यवहार होता है, चाहे जान पहचान हो या न हो। कोक ओवन एंड कोल केमिकल विभाग से बाबू सिंह कंवर ने कहा सोसाइटी वित्तीय प्रदर्शन से लेकर पारदर्शिता सहित तमाम क्षेत्र में अव्वल है और आगे भी रहेगी। वाटर मैनेजमेंट विभाग से महेश कुमार ने कहा कि मेरे पिताजी भी इसी सोसाइटी के सदस्य थे और उन्हीं के प्रेरणा से मैं भी सदस्य बना। इसके बाद पूरे सेवाकाल में कभी कोई शिकायत का मौका नहीं मिला। इसी तरह राजेंद्र कुमार वासनिक, ओम प्रकाश, जयदेव दास, तपन कुमार विश्वास, दिलीप कुमार साहू, गणेश प्रसाद पटेल, मानसिंह, भरत लाल मंजारे, पीटरसन सहित सभी वरिष्ठ सदस्यों ने कहा कि हम नए सदस्य बनाएंगे और जब भी जरूरत पड़ेगी हम सोसाइटी के साथ खड़े हैं। इस अवसर पर सोसाइटी से उपाध्यक्ष असमां परवीन, अशोक राठौर, संचालक मंडल सदस्य विपिन बंछोर, सतानंद चंद्राकर, शशिभूषण ठाकुर और नितिशा साहू तथा सोसायटी के कर्मियों में मैनेजर सुदीप बनर्जी, पिजुष कर, नारायण साहू एवं सुरेश कुमार सहित अन्य लोग भी उपस्थित थे। मंच संचालन संचालक वेद प्रकाश सूर्यवंशी और आभार संचालक पुरुषोत्तम सिंह कंवर ने किया।

## हेल्थ टिप्स

### बारिश में खानपान को लेकर बरतें सावधानी, डॉक्टरों की सलाह सबके लिए जरूरी



फूड पॉइजनिंग ऐसी स्थिति है जिसमें दूषित भोजन या पानी के जरिए बैक्टीरिया, वायरस, परजीवी या उनके विषैले पदार्थ शरीर में पहुंच जाते हैं। इसके बाद कुछ घंटों से लेकर कुछ दिनों के भीतर उल्टी, दस्त, पेट दर्द, जी मिचलाना, बुखार और कमजोरी जैसे लक्षण शुरू हो सकते हैं। बारिश का मौसम आते ही कई तरह की बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। इस मौसम में मच्छरों के कारण होने वाली बीमारियों के अलावा खान-पान में गड़बड़ी की भी दिक्कत काफी बढ़ जाती है। इन दिनों खान-पान की लापरवाही फूड पॉइजनिंग जैसी गंभीर समस्याओं का कारण बन जाती है।

हर साल बारिश के मौसम में अस्पतालों में उल्टी-दस्त, पेट दर्द और डिहाइड्रेशन के मरीजों की संख्या बढ़ जाती है। इसका सबसे बड़ा कारण भोजन और पानी में बैक्टीरिया, वायरस या परजीवियों का तेजी से पनपना है। मानसून में हवा में नमी अधिक होने के कारण खाद्य पदार्थ जल्दी खराब हो जाते हैं। यदि खाना लंबे समय तक कमरे के तापमान पर रखा रहे, ठीक से पकाया न गया हो या दूषित पी लें तो फूड पॉइजनिंग हो सकती है। आइए जानते हैं कि आप इस समस्या से कैसे बचा जा सकता है?

#### फूड पॉइजनिंग के बारे में जान लीजिए

दूषित भोजन या पानी के जरिए बैक्टीरिया,




वायरस, परजीवी शरीर में पहुंचकर फूड पॉइजनिंग की समस्या का कारण बनते हैं। इसमें उल्टी-दस्त, पेट दर्द जैसी दिक्कतें हो सकती हैं। अधिकांश मामलों में आराम और पर्याप्त तरल पदार्थ से मरीज ठीक हो जाता है, लेकिन गंभीर संक्रमण होने पर जटिलताएं बढ़ सकती हैं।

बारिश के मौसम में नमी और तापमान कई सूक्ष्मजीवों को बढ़ाने वाले होते हैं। भोजन को लंबे समय तक बाहर रखने, दूषित पानी पीने और सड़क किनारे खुले में बिकने वाले खाद्य पदार्थों के कारण संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है। मक्खियां भी गंदगी से बैक्टीरिया भोजन तक पहुंचा सकती हैं। यही वजह है कि मानसून में फूड पॉइजनिंग के मामले अन्य मौसमों की तुलना में अधिक देखे जाते हैं।

#### फूड पॉइजनिंग में क्या दिक्कतें होती हैं?

फूड पॉइजनिंग के कारण उल्टी-दस्त और



पेट में मरोड़ जैसी दिक्कतें होती हैं। इसके अलावा कुछ लोगों में जी मिचलाने, बुखार, कमजोरी, डिहाइड्रेशन और चक्कर आने की दिक्कत हो सकती है। यदि दस्त में खून आए, तेज बुखार हो, बार-बार उल्टी हो या शरीर में पानी की कमी के संकेत दिखाई दें तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए। पांच वर्ष से छोटे बच्चों, बुजुर्गों, गर्भवती महिलाओं में संक्रमण जल्दी गंभीर हो सकता है।

#### फूड पॉइजनिंग से बचाव कैसे करें?

फूड पॉइजनिंग से बचाव के लिए हमेशा ताजा भोजन करें और खाने को अच्छी तरह पकाएं। साफ पानी पीना, हाथ धोकर खाना खाना और बाहर का खुला खाना खाने से बचें। बारिश के मौसम में खुले में रखी कटी हुई सब्जियां आसानी से बैक्टीरिया और वायरस से दूषित हो सकती हैं। यदि पानी साफ न हो या बर्तन ठीक से साफ न किए गए हों, तो संक्रमण का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। इसलिए मानसून में सड़क किनारे मिलने वाली चीजों को लेकर सावधानी बरतें।

### मौजूदा भागदौड़ की जिंदगी में मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखना जरूरी

# तनाव और अवसाद से पाना चाहते हैं छुटकारा तो दिनचर्या में करें तीन आसान बदलाव, मिलेगा फायदा

तनाव और अवसाद एक ऐसी समस्या है जिससे बहुत से लोग परेशान रहते हैं। वैसे तो इसको मैनेज करने के कई उपाय हैं, लेकिन आज हम आपको कुछ ऐसे उपाय के बारे में बताएंगे जो बहुत सरल हैं और उसे आसानी से अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाया जा सकता है।

आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में मानसिक तनाव लगभग हर व्यक्ति की दिनचर्या का हिस्सा बन गया है। काम का दबाव, सामाजिक अपेक्षाएं, रिश्तों की उलझनें और भविष्य की अनिश्चितताएं लगातार हमारे मानसिक स्वास्थ्य पर भारी पड़ रही हैं। तनाव और अवसाद का नकारात्मक प्रभाव न सिर्फ आपके दिमाग पर पड़ता है बल्कि इससे आपके शारीरिक स्वास्थ्य पर भी बुरा असर पड़ता है, जैसे नींद की कमी, पाचन संबंधी समस्याएं, कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली और लगातार थकान।

विशेषज्ञों के मुताबिक ऐसे में आप अपनी दिनचर्या में कुछ छोटे और आसान बदलाव करके तनाव और अवसाद से छुटकारा पा सकते हैं। आइए इस लेख में ऐसे ही तीन ऐसे ही तीन महत्वपूर्ण बदलावों के बारे में जानते हैं, जिन्हें अपनाकर आप मानसिक रूप से स्वस्थ रह सकते हैं और बेहतर जीवन बिता सकते हैं।



#### नियमित व्यायाम और शारीरिक गतिविधि

स्ट्रेस कम करने का पहला आसान बदलाव है नियमित व्यायाम। रोजाना 20-30 मिनट की ब्रिस्क वॉकिंग, योग या स्ट्रेचिंग तनाव को कम करती है। व्यायाम से एंडॉर्फिन हार्मोन रिलीज होता है, जो मूड को बेहतर बनाता है। योग में प्राणायाम और मेडिटेशन, जैसे अनुलोम-विलोम, मन को शांत करते हैं। घर पर हल्की एरोबिक्स या डांस भी एंग्जायटी को कम करने में मदद करता है।

#### संतुलित आहार और हाइड्रेशन



दूसरा बदलाव है संतुलित आहार अपनाना। ओमेगा-3 युक्त खाद्य पदार्थ, जैसे मछली, अखरोट और अलसी के बीज, मस्तिष्क स्वास्थ्य को बढ़ावा देते हैं। विटामिन बी और मैग्नीशियम से भरपूर खाद्य, जैसे हरी सब्जियां, केला और बादाम, तनाव को कम करते हैं। चीनी और कैफीन का अधिक सेवन एंग्जायटी को बढ़ा सकता है, इसलिए इनका सेवन सीमित करें। रोजाना 2-3 लीटर पानी पीना डिहाइड्रेशन से बचाता है, जो स्ट्रेस को नियंत्रित करता है।

#### माइंडफुलनेस

तीसरा बदलाव है माइंडफुलनेस और अच्छी नींद की लेना। माइंडफुलनेस मेडिटेशन, जैसे 5-10 मिनट की गहरी सांस लेने की तकनीक मानसिक तनाव को कम करती है। सोने से पहले स्क्रीन टाइम (मोबाइल, टीवी) कम करें, क्योंकि नीली रोशनी नींद को बाधित करती है। रोजाना 7-8 घंटे की गहरी नींद तनाव को कम करती है और मस्तिष्क को रिचार्ज करती है। सोने से पहले गुनगुना पानी पीना या किताब पढ़ना नींद में सुधार करता है।



#### जर्नलिंग: भावनाओं को कागज पर लिखें

अपनी भावनाओं और विचारों को किसी डायरी या नोटबुक में लिखना, यानी जर्नलिंग, तनाव और चिंता को कम करने का एक बेहतरीन तरीका है। जब आप अपने मन की बातों को लिखते हैं, तो वे व्यवस्थित होने लगती हैं और आपको अपनी भावनाओं को समझने में मदद मिलती है। यह नकारात्मक विचारों को दूर करने, समस्याएं सुलझाने में मदद करता है। रोजाना बस 10-15 मिनट लिखने से आप मानसिक रूप से बहुत शांत और हल्का महसूस करेंगे। इसके अलावा दोस्तों और परिवार से बात करना और शौक में समय बिताना भी मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है। यदि स्ट्रेस या एंग्जायटी गंभीर हो, जैसे लगातार चिंता, अनिद्रा या पैनिक अटैक, तो मनोचिकित्सक या काउंसलर से संपर्क करें। नियमित स्वास्थ्य जांच और स्वस्थ दिनचर्या अपनाकर मानसिक शांति और खुशहाल जीवन व्यतीत जा सकता है।



## पैर सुन्न होना या झुनझुनी आना, हो सकते हैं इन बीमारियों के शुरुआती लक्षण

अक्सर कुछ लोगों के पैर में झुनझुनी पड़ने और सुन्न होने की समस्या होती है। इसके पीछे कई कारण हो सकते हैं, कुछ मामलों में ये गंभीर बीमारियों का संकेत भी हो सकता है। आइए इस लेख में इसी के बारे में जानते हैं। क्या कभी आपके हाथ, पैर या शरीर का कोई हिस्सा अचानक सुन्न हुआ है, या फिर उसमें झुनझुनी महसूस हुई है? हममें से ज्यादातर लोगों ने कभी न कभी इस अनुभव का सामना किया होगा। अक्सर यह थोड़े समय के लिए होता है, जब किसी नस पर दबाव पड़ता है और शरीर का पोजिशन बदलने पर सब ठीक हो जाता है। सामान्य तौर पर ऐसा तभी होता है, जब आप गलत पोस्चर में बैठे हों। लेकिन अगर बिना किसी कारण के अचानक पैरों में या शरीर का कोई भी अंग सुन्न हो रहा है या झुनझुनी महसूस हो रही है, तो इसे हल्के में लेना बड़ी गलती हो सकती है। यह किसी गंभीर और खतरनाक बीमारी का शुरुआती संकेत हो सकता है, जिस पर तुरंत ध्यान देना जरूरी है। यह लेख आपको इन लक्षणों को समझने और संभावित अंतर्निहित स्वास्थ्य समस्याओं के बारे में जानने में मदद करेगा।



#### सुन्न होने और झुनझुनी के प्रमुख कारण

पैरों का सुन्न होना या पैरों में झुनझुनी पड़ने के कई कारण हो सकते हैं। लंबे समय तक एक ही पोजिशन में बैठना या किन्हीं कारणों से तंत्रिका पर दबाव पड़ना इसके सामान्य कारण हैं। हालांकि बार-बार होने वाली यह समस्या पेरीफेरल न्यूरोपैथी, डायबिटीज, विटामिन बी 12 की कमी, थायराइड या मल्टीपल स्केलेरोसिस जैसी बीमारियों से जुड़ी हो सकती है। डायबिटीज में हाई ब्लड शुगर तंत्रिकाओं को नुकसान पहुंचाती है, जिससे न्यूरोपैथी होती है।

#### लक्षण

पैरों का सुन्न होना या पैरों में झुनझुनी पड़ने के साथ अन्य लक्षण, जैसे जलन, कमजोरी, शरीर के संतुलन में कमी, गंभीर बीमारी का संकेत हो सकते हैं। डायबिटिक न्यूरोपैथी में यह लक्षण रात में बढ़ सकते हैं। अगर यह समस्या लगातार बनी रहे या चलने-फिरने में परेशानी हो, तो यह तंत्रिका क्षति या रक्त संचार की समस्या का संकेत हो सकता है।

#### निदान और जांच की प्रक्रिया

पैरों का बार-बार सुन्न होने की जांच के लिए डॉक्टर मेडिकल हिस्ट्री, शारीरिक परीक्षण और कुछ टेस्ट का सुझाव देते हैं। रक्त जांच से डायबिटीज, विटामिन बी 12 की कमी या थायराइड की समस्या का पता लगाया जा सकता है। नर्व कंडक्शन स्टडी और इलेक्ट्रोमायोग्राफी तंत्रिका क्षति की गंभीरता को मापते हैं। एमआरआई या सीटी स्कैन से रीढ़ की हड्डी या तंत्रिका पर दबाव का कारण पता चल सकता है।

#### बचाव और उपचार के उपाय

शरीर का कोई भी अंग सुन्न न हो या उसमें झुनझुनी न पड़े इसके लिए स्वस्थ जीवनशैली अपनाएं, जिसमें संतुलित आहार लें और दिनभर में कम से कम 2-3 लीटर पानी पिएं। विटामिन बी12 युक्त खाद्य पदार्थ, जैसे अंडे, दूध और मछली, खाएं।



## अंतर-क्षेत्रीय शतरंज में रायपुर सेंट्रल और कोरबा वेस्ट चैंपियन



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट पावर कंपनीज़ की अंतर-क्षेत्रीय खेल प्रतियोगिता के अंतर्गत आयोजित शतरंज प्रतियोगिता के पुरुष टीम वर्ग में रायपुर सेंट्रल चैंपियन तथा दुर्ग रीजन उपविजेता रहा। महिला टीम वर्ग में कोरबा वेस्ट ने प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि रायपुर सेंट्रल उपविजेता रहा। 22 से 24 जुलाई तक जगदलपुर में आयोजित अंतर-क्षेत्रीय कैरम प्रतियोगिता में भी विभिन्न क्षेत्रों के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। महिला एकल वर्ग में रायपुर (सेंट्रल) की कंचन महेश ठाकुर विजेता तथा नमिता जैन उपविजेता रहीं। महिला युगल वर्ग में भी दोनों की जोड़ी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि दुर्ग की शकुंतला कारक एवं अनीता रोही की जोड़ी उपविजेता रही। पुरुष एकल वर्ग में कोरबा (वेस्ट) के विनोद राठौर विजेता तथा जगदलपुर के कमलेश ठाकुर उपविजेता रहे। पुरुष टीम स्पर्धा में जगदलपुर ने खिताब अपने नाम किया, जबकि दुर्ग उपविजेता रहा। प्रतियोगिता के पर्यवेक्षक अधीक्षण अभियंता पंकज चौधरी ने बताया कि प्रतियोगिता के प्रदर्शन के आधार पर महिला वर्ग में कंचन महेश ठाकुर, नमिता जैन, शकुंतला कारक, रीना पुरी गोस्वामी, अनीता रोही एवं कविता ठक्कर तथा पुरुष वर्ग में विनोद राठौर, कमलेश ठाकुर, एस.के. मोदी, पी. नागेश्वर राव, शुभम बंचोरे, कमलेश साहू, सुशांत कटकवार एवं सलीम खान का चयन किया गया है। चयनित खिलाड़ी 4 से 6 अगस्त तक आंध्र प्रदेश के तिरुपति में आयोजित 48 वीं ऑल इंडिया इलेक्ट्रिसिटी स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड की राष्ट्रीय कैरम एवं शतरंज प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ स्टेट पावर कंपनीज़ का प्रतिनिधित्व करेंगे।

## पूड़ी बनाने के बाद बचे हुए तेल दोबारा कीजिए इस्तेमाल



पूड़ी बनाने के बाद तेल को पहले ठंडा होने दें। फिर उसे महीन छलनी या मलमल के कपड़े से छान लें ताकि आटे और जले हुए कण निकल जाएं। यदि तेल का रंग बहुत गहरा न हो और उसमें जली हुई गंध न आए, तो उसे एयरटाइट कंटेनर में स्टोर करके सीमित मात्रा में दोबारा इस्तेमाल किया जा सकता है। भारतीय रसोई में पूड़ी, कचौड़ी, पकौड़े और अन्य तली हुई चीजें अक्सर बनाई जाती हैं। ऐसे में फ्राई करने के बाद कढ़ाई में काफी मात्रा में तेल बच जाता है। कई लोग इस तेल को दोबारा इस्तेमाल करने से बचते हैं और फेंक देते हैं, जबकि कुछ लोग बिना साफ किए बार-बार उसी तेल का उपयोग कर लेते हैं। दोनों ही तरीके सही नहीं माने जाते। दरअसल, पूड़ी या अन्य चीजें तलने के बाद तेल में आटे के छोटे-छोटे कण, मसाले और जले हुए टुकड़े रह जाते हैं। यदि इन्हें हटाए बिना तेल का दोबारा उपयोग किया जाए, तो खाने का स्वाद खराब हो सकता है और तेल जल्दी खराब भी हो सकता है। वहीं, पूरी तरह नया तेल इस्तेमाल करना हर बार जेब पर भारी पड़ सकता है। किचन एक्सपर्ट्स का मानना है कि यदि तेल एक बार ही इस्तेमाल हुआ है और वह अत्यधिक जला हुआ नहीं है, तो उसे सही तरीके से छानकर सीमित मात्रा में दोबारा उपयोग किया जा सकता है। इसके लिए कुछ आसान घरेलू टिप्स अपनानी होती हैं। आइए जानते हैं कि पूड़ी बनाने के बाद बचे तेल को कैसे साफ करें और दोबारा इस्तेमाल के लिए सुरक्षित तरीके से स्टोर करें।

तेल को पूरी तरह ठंडा होने दें। पूड़ी तलने के तुरंत बाद तेल को छानने की गलती न करें। पहले तेल को सामान्य तापमान तक ठंडा होने दें।

### कार्नर न्यूज

### 30 जुलाई और 2 अगस्त को है फ्रेंड्सशिप डे, हर साल बदलाव लेकर आता है यह दिन

# फ्रेंड्सशिप डे को यादगार बनाने आजमाएं खास ट्रेंड्स, करीब आएंगे आपके दोस्त

फ्रेंडशिप डे सिर्फ एक दिन नहीं बल्कि एक एहसास है दोस्ती, भरोसे और साथ का। इस वर्ष फ्रेंडशिप डे भारत में 2 अगस्त (रविवार) को और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर संयुक्त राष्ट्र के अनुसार 30 जुलाई (गुरुवार) को मनाया जाएगा।

आज के डिजिटल युग में फ्रेंडशिप डे मनाने के तरीके भी बदल रहे हैं। बैंड बांधना और कार्ड देना अब भी चलन में है, लेकिन रील्स, डिजिटल गिफ्ट्स और सोशल मीडिया ट्रेंड्स ने इस दिन को और भी यादगार बना दिया है। अगर आप भी ट्रेंड को अपनाते हुए फ्रेंडशिप डे को यादगार तरीके से मनाना चाहते हैं तो यहां आपको साल 2026 में फ्रेंडशिप डे को खास बनाने वाले टॉप ट्रेंड्स बताए जा रहे हैं। ये फ्रेंडशिप डे ट्रेंड्स आपको अपने दोस्तों के और भी करीब ला सकते हैं।

#### इंस्टाग्राम रील्स और थ्रोबैक वीडियो की धूम

2026 में फ्रेंडशिप डे पर सबसे ज्यादा जो ट्रेंड कर रहा है, वो है थ्रोबैक रील्स। पुरानी फोटोज और वीडियोज को जोड़कर बनाई गई एक छोटी-सी इंस्टाग्राम रील दोस्ती को बयां करने का नया तरीका बन गई है। इंस्टाग्राम पर



फ्रेंडशिप डे स्पेशल रील बनाने के लिए आप कुछ फ्री टूल्स से क्रिएटिव वीडियो बना सकते हैं। बैकग्राउंड म्यूजिक में 'तेरा यार हूं मैं' जैसे दोस्ती स्पेशल गानों का इस्तेमाल करें।

#### डिजिटल गिफ्ट

अब भौतिक गिफ्ट से ज्यादा पॉपुलर हो गए हैं डिजिटल गिफ्ट्स। ये इमोशनल और इको-फ्रेंडली होते हैं। डिजिटल गिफ्ट में पर्सनलाइज्ड वीडियो मैसेज, डिजिटल स्केच, पर्सनलाइज्ड प्लेलिस्ट या ई-गिफ्ट कार्ड को शामिल कर सकते हैं। यह ट्रेंड बजट फ्रेंडली भी है और दिल छू लेने वाला भी है। आपको कई ऑनलाइन शॉपिंग साइट्स पर कस्टम डिजिटल गिफ्ट्स के विकल्प मिल सकते हैं। आप चाहें तो AI के जरिए एक खास शायरी या लेटर लिखकर दोस्त को तोहफे में दे सकते हैं।



#### फोटो बूथ और डीआईवाई फ्रेंडशिप डे पार्टी

छोटी सी थीम पार्टी या पिकनिक प्लान करना भी 2026 में खास ट्रेंड बन गया है। घर में या पार्क में डीआईवाई डेकोर, फोटो बूथ और कस्टम गेम्स के साथ सेलिब्रेशन किया जा रहा है। इसके लिए आप पॉपकॉर्न बार, फ्रेंडशिप ट्रिविया क्विज और थीम कलर ड्रेस कोड रखें। फोटो बूथ में दोस्ती वाले प्रॉप्स जैसे बेस्टी गोल्स शामिल करें।

#### हैंडमेड फ्रेंडशिप बैंड्स की वापसी

पुराने जमाने के फ्रेंडशिप बैंड्स 2026 में फिर से ट्रेंड कर रहे हैं। लेकिन इस बार ये बैंड्स पर्सनलाइज्ड और क्राफ्ट बेस्ड हैं, यानी नाम, कोट्स या खास तारीख के साथ मिल रहे हैं। आप घर पर ही दोस्त के लिए डीआईवाई बैंड बनाएं और उसमें छोटे मोती या टैग लगाएं। बैंड के साथ एक नोट लिखना ट्रेंडिंग है।

इस बार एक नया सोशल मीडिया ट्रेंड सामने आया है जिसमें दोस्त एक-दूसरे के लिए कुछ स्पेशल बनाते हैं। घर की बनी चीजें, जैसे कुकीज, चाय या समोसे बनाएं और उन्हें खास अंदाज में परोसें। इंस्टाग्राम रील्स बनाते हुए चैलेंज शेयर करें।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## स्क्रूज की भूमिका में लौटेंगे जॉनी डेप, कॉमिक कॉन में रिलीज हुआ 'एबेनेजर' का ट्रेलर



हॉलीवुड एक्टर जॉनी डेप एक लंबे समय के ब्रेक के बाद वापसी कर रहे हैं। उनकी फिल्म 'एबेनेजर' का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। फिल्म में वह फिर एक बार रहस्यमी अंदाज में नजर आएंगे। हॉलीवुड एक्टर जॉनी डेप एक बार फिर सिनेमा हॉल में अपनी धमाकेदार एंट्री के लिए तैयार हैं। उनकी आगामी फिल्म 'एबेनेजर' का ट्रेलर मेकर्स द्वारा जारी कर दिया गया है। हाल ही में सैन डिएगो कॉमिक-कॉन में जॉनी ने खुद अपने फैंस के साथ फिल्म का ट्रेलर शेयर किया। जॉनी स्टेज पर पूरी तरह अपने किरदार एबेनेजर स्क्रूज के कॉस्ट्यूम में आ गए, जिसे देखकर कुछ वक्त के लिए फैंस चौंक गए। इसके बाद डेप ने 'डायरेक्टर्स ऑन डायरेक्टिंग' पैनल में भाग लिया, जिससे यह कार्यक्रम के सबसे चर्चित पलों में से एक बन गया। एक्टर जॉनी डेप एक लंबे ब्रेक के बाद फिर पर्दे पर वापसी कर रहे हैं। फिल्म 'एबेनेजर' में वह एबेनेजर स्क्रूज नाम के मुख्य किरदार में नजर आएंगे। फिल्म में उनका किरदार काफी डार्क और अकेला रहेगा। फिल्म चार्ल्स डिकेंस की क्लासिक बुक 'अ क्रिसमस कैरल' पर आधारित है। मगर फिल्म में इसका ज्यादा डार्क वर्जन प्रस्तुत किया जाएगा। फिल्म 'एबेनेजर' के ट्रेलर के अनुसार डेप के किरदार एबेनेजर स्क्रूज का सामना भूतों से होता है। इस दौरान वह आत्माओं उसे फिर से उसके अतीत के पलों को फिर से जीने के लिए मजबूर करती हैं। मगर वह इन सब से परेशान नहीं होता। इसके साथ ही सबसे कहता है, 'वापस आकर अच्छा लग रहा है।' उनका यह रील लाइफ का डायलॉग उनकी रियल लाइफ पर भी सटीक बैठता है, क्योंकि पूर्व पत्नी एम्बर हर्ड से 2022 में मानहानि का केस जीतने के बाद से अब तक उनका कोई प्रोजेक्ट नहीं आया।

### टॉलीवुड

## नाग अश्विन ने 'कल्कि 2898 एडी' की आलोचनाओं पर दिया जवाब



फिल्ममेकर नाग अश्विन अपनी आगामी फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' के सीक्वल को लेकर चर्चाओं में हैं। 2024 में आई इस फिल्म के सीक्वल की शूटिंग चल रही है। इस बीच फिल्म में कर्ण के दिखाए गए रूप को लेकर उनकी आलोचनाएं हो रही हैं।

अब नाग अश्विन ने इन आलोचनाओं पर जवाब दिया है। उन्होंने फिल्म के महाभारत से प्रेरित क्लाइमेक्स का बचाव करते हुए महाकाव्य का ही उदाहरण दिया। एक्स पर एक पोस्ट में उन्होंने दर्शकों से अपील की कि सीक्वल आने तक कोई राय न बनाएं और साथ ही इशारा किया कि 'कल्कि 2898 एडी पार्ट 2' में और जानकारी मिलेगी।

सोशल मीडिया पर एक यूजर को जवाब देते हुए अश्विन ने कहा कि दर्शकों को दूसरा भाग देखे बिना कहानी के बारे में कोई नतीजा नहीं निकालना चाहिए। अपने क्रिएटिव फैसलों का बचाव करते हुए उन्होंने सीक्वल के बारे में एक नई जानकारी भी दी और फैंस से पार्ट 2 का इंतजार करने को कहा।

यह बहस तब तेज हुई जब अखिल अक्किनेनी की फिल्म 'लेनिन' रिलीज हुई। एक सोशल मीडिया यूजर ने एक्टर प्रमोद पंजू द्वारा निभाए गए कर्ण के किरदार की तारीफ करते हुए कहा कि यह दिखाता है कि स्क्रीन पर इस किरदार को कैसे दिखाया जाना चाहिए। उस पोस्ट में 'कल्कि 2898 एडी' की आलोचना भी की गई और अश्विन पर कर्ण का महिमामंडन करने का आरोप लगाया गया, साथ ही फिल्म के क्लाइमैक्स को ईशनिंदा बताया गया। आलोचना का जवाब देते हुए नाग अश्विन ने बिबेक देबरॉय के महाभारत अनुवाद का एक पृष्ठ साझा किया। इसमें उन्होंने द्रोण वध पर्व के उस अंश को उजागर किया है, जिसमें भगवान कृष्ण अर्जुन से बात करते हुए कर्ण की प्रशंसा करते हैं।

### भोजपुरी

## खेसारी की 'रंग दे बसंती' ने ओटीटी पर रिलीज होते ही उड़ाया गर्दा



खेसारी लाल यादव की सुपरहिट देशभक्ति फिल्म 'रंग दे बसंती' ओटीटी पर रिलीज हो चुकी है, जो 2024 में आई थी। अगर आपने यह फिल्म नहीं देखी है, तो घर बैठे आराम से देख सकते हैं। यह पहली भोजपुरी फिल्म रही, जिसे पैन इंडिया रिलीज किया गया था।

खेसारी लाल यादव की सबसे चर्चित फिल्म 'रंग दे बसंती' ने थिएटर्स में खूब गर्दा उड़ाया था, और अब यह ओटीटी पर रिलीज हो गई है। इस फिल्म को थिएटर्स में दर्शकों का भरपूर प्यार मिला था, और अब ओटीटी पर भी छाई है। इसे जियो हॉट स्टार पर रिलीज किया गया है। 'रंग दे बसंती' में देशभक्ति, भावनाएं, एक्शन और मनोरंजन का जबरदस्त मिश्रण देखने को मिला था। जो भी दर्शक खेसारी की इस फिल्म को थिएटर्स में नहीं देख पाए थे, वो अब इसे घर बैठे आराम से देख सकते हैं। 'रंग दे बसंती' की ओटीटी रिलीज के साथ एक बार फिर भोजपुरी सिनेमा के स्तर और उसकी बढ़ती लोकप्रियता की चर्चा तेज हो गई है। देशभक्ति, भावनात्मक कहानी और भव्य प्रस्तुति से सजी 'रंग दे बसंती' अब जियो हॉटस्टार पर पूरे परिवार के साथ देखी जा सकती है। फिल्म में खेसारी लाल यादव ने अपनी दमदार एक्टिंग से यह साबित किया है कि भोजपुरी सिनेमा भी बड़े स्तर की विषय प्रधान और देशभक्ति से ओत-प्रोत फिल्मों का निर्माण करने में सक्षम है। भव्य लोकेशंस, शानदार सिनेमैटोग्राफी, प्रभावशाली बैकग्राउंड स्कोर और भावनात्मक कहानी फिल्म को अलग पहचान देते हैं।

---

### प्रदूषण की चिंता

चीन के लियूझोउ इंडस्ट्रियल म्यूजियम में डिजाइनर-आर्टिस्ट लियांग मिंग्यू की सोलो एग्जिबिशन में, 10 मीटर लंबा एक इंस्टॉलेशन पूरे हॉल में छाया हुआ है। इसका गहरा लाल रंग पूरी जगह को खून जैसे लाल रंग में रंग देता है। मिंग्यू प्रदूषण को लेकर अपनी चिंता ज़ाहिर करने के लिए बेकार हो चुकी जींस, रोज़मर्रा के कचरे और रिसाइकिल किए गए मटेरियल को फ़ैशन या इंस्टॉलेशन आर्ट में बदलने का काम करती हैं।




## ट्रेडिशनल से मॉडर्न तक, कंगन के ये लेटेस्ट

डिजाइंस हर आउटफिट को बनाएंगे खास

कंगन जहां आपके लुक को कंप्लीट करने का काम करते हैं, वहीं इन्हें स्टाइल करने के बाद आपका लुक भी स्टाइलिश नजर आता है। फैशन के बदलते ट्रेंड में कंगन के डिजाइंस में बड़ा बदलाव आया है जो ट्रेडिशनल से मॉडर्न लुक पाने के लिए बेस्ट है। वहीं, अगर आप अपने आउटफिट को स्टाइलिश टच देना चाहती हैं, तो आप इस आर्टिकल में दिखाए गए कंगन स्टाइल कर सकती हैं।



### स्टोन वर्क कंगन

अगर आप डार्क कलर की साड़ी स्टाइल कर रही हैं, तो आप इस तरह के स्टोन वर्क कंगन पहन सकती हैं। ये कंगन डार्क कलर के आउटफिट के साथ परफेक्ट मैच करेंगे। ये कंगन आपको कई सारे डिजाइन ऑप्शन्स के साथ मिल जाएंगे और आप इन्हें लगभग 400 से 600 रुपये की कीमत में खरीदकर स्टाइल कर सकती हैं।

### मल्टी कलर स्टोन वर्क कंगन

अपने आउटफिट के हिसाब से आप इस तरह के मल्टी कलर स्टोन वर्क कंगन का भी चुनाव कर सकती हैं। ये मल्टीकलर स्टोन वर्क कंगन न्यू लुक पाने के लिए बेस्ट हैं और इन कंगन को आप सूट के साथ स्टाइलिश लुक पाने के लिए पहन सकती हैं।

### गोल्ड प्लेटेड कंगन

ट्रेडिशनल लुक को न्यू टच देने के लिए आप इस तरह का गोल्ड प्लेटेड कंगन स्टाइल कर सकती हैं। ये गोल्ड प्लेटेड कंगन आप साड़ी या सूट के साथ स्टाइल कर सकती हैं। ये कंगन आपको कई सारे डिजाइन ऑप्शन्स के साथ मिल जाएंगे और आप इन्हें ऑनलाइन या ऑफलाइन दोनों जगहों से लगभग 300 से 400 रुपये की कीमत में खरीद सकती हैं।

### कुंदन वर्क कंगन

वेस्टर्न ड्रेस में न्यू लुक पाने के लिए आप इस तरह के कुंदन वर्क कंगन स्टाइल कर सकती हैं। इस कंगन में बेहद ही खूबसूरत कुंदन वर्क किया हुआ है। अपने वेस्टर्न आउटफिट में न्यू और स्टाइलिश लुक पाने के लिए आप इन कंगन का चुनाव कर सकती हैं। इन कंगन को स्टाइल करने के बाद आपका लुक बेहद ही खूबसूरत नजर आएगा। इस तरह का कंगन आपको बाजार या ऑनलाइन प्लेटफॉर्म से लगभग 400 रुपये की कीमत में मिल जाएगा।

## सिंपल और सोबर लुक के लिए बेस्ट हैं स्लीव्स कुर्तियां





अगर आप सिंपल और सोबर लुक चाहती हैं, तो आप 3/4 स्लीव्स वाली कुर्ती पहन सकती हैं। इस कुर्ती में जहां आपका लुक सुंदर नजर आएगा, वहीं आप कंफर्टेबल भी महसूस करेंगी।

हर महिला खूबसूरत दिखना चाहती है। इसी वजह से वो अक्सर बेहतरीन डिजाइन वाले आउटफिट का चुनाव करती हैं। लेकिन, अगर आप सिंपल और सोबर लुक चाहती हैं, तो आप कुर्ती स्टाइल कर सकती हैं। कुर्ती में जहां आपका लुक सुंदर नजर आता है, वहीं आप कंफर्टेबल भी रहती हैं। यह आपको कई सारे डिजाइन ऑप्शन्स के साथ मिल सकती है, पर अगर आप अपने लुक को न्यू टच देना चाहती हैं, तो आप 3/4 स्लीव्स वाली कुर्ती स्टाइल कर सकती हैं। यह कुर्ती सिंपल और सोबर लुक पाने के लिए बेहतरीन है और इस तरह की कुर्ती आपको कई सारे डिजाइन ऑप्शन्स के साथ मिल सकती है।

### फ्लोरल प्रिंट कुर्ती

अगर आपको फ्लोरल प्रिंट वाले आउटफिट्स पसंद हैं, तो आप इस तरह की फ्लोरल प्रिंट वाली थ्रेड वर्क कुर्ती का चुनाव कर सकती हैं। इस तरह की कुर्ती में आपका लुक अच्छा लगेगा और इसमें आपको कई सारे डिजाइन ऑप्शन मिल जाएंगे। यह कुर्ती आप जींस या चूड़ीदार पायजामा के साथ पहन सकती हैं। मार्केट में आपको ये कुर्ती लगभग 500 से 600 रुपये में मिल सकती हैं। इस कुर्ती के साथ आप झुमके पहन सकती हैं। जो आपके लुक को स्टाइलिश लुक देना का काम करेंगी।

### प्रिंटेड कुर्ती


अगर आप किसी फैमिली फंक्शन में शामिल हो रही हैं, तो आप इस तरह की प्रिंटेड कुर्ती पहन सकती हैं। इस कुर्ती में प्रिंट करके सुंदर डिजाइन बनाया गया है और इस कुर्ती में आपका लुक बेहद ही अलग और सुंदर नजर आएगा। इस कुर्ती को आप पैंट स्टाइल सलवार के साथ भी पहन सकती हैं। साथ ही, व्हाइट जींस भी इस कुर्ती के साथ स्टाइल करने के लिए बेहतरीन ऑप्शन हो सकती है। यह कुर्ती आप ऑनलाइन ले सकती हैं, साथ ही ऑफलाइन भी आप इस कुर्ती को लगभग 600 रुपये की कीमत में खरीद सकती हैं। इस कुर्ती के साथ आप हैवी ज्वेलरी के बजाय सिंपल झुमके स्टाइल कर सकती हैं।

### थ्रेड वर्क कुर्ती

सिंपल लुक के लिए आप ऑफिस या किसी फैमिली फंक्शन में शामिल होने के दौरान इस तरह की थ्रेड वर्क कुर्ती स्टाइल कर सकती है।

## चंदन पाउडर से बनाइए अपने चेहरे को खूबसूरत, मिलेंगे कई फायदे

अगर आप भी अपने चेहरे पर होने वाले पिंपल्स और दाग धब्बे की वजह से परेशान रहती है, तो अब आप चंदन पाउडर का इस्तेमाल कर अपने चेहरे पर ग्लो ला सकती हैं। चेहरे की खूबसूरती को बढ़ाने के लिए और स्किन प्रॉब्लम से बचने के लिए अगर आप भी कई घरेलू उपाय आजमाती है, तो यह खबर आपके लिए खास हो सकती है। आज हम आपको ब्यूटी एक्सपर्ट की मदद से एक ऐसे घरेलू उपाय के बारे में बताएंगे, जिसे आजमाकर आप अपने चेहरे की खूबसूरती को बढ़ा सकती हैं।



### चेहरे के लिए चंदन पाउडर

ब्यूटी एक्सपर्ट वर्षा के मुताबिक अगर आप भी अपने चेहरे पर होने वाले पिंपल्स और दाग धब्बे की वजह से परेशान रहती है, तो अब आप चंदन पाउडर का इस्तेमाल कर अपने चेहरे पर ग्लो ला सकती हैं और स्किन प्रॉब्लम को कम कर सकती है। चंदन पाउडर से पेस्ट तैयार करने के लिए आपको कुछ चीजों की जरूरत लगेगी।

### चंदन पाउडर से पेस्ट तैयार

अब आप घर पर चंदन पाउडर का इस्तेमाल कर चेहरे के लिए खास पेस्ट तैयार कर सकती हैं। इस पेस्ट को बनाने के लिए सबसे पहले आप एक कंटेनर में चंदन पाउडर निकाल लें। अब इसमें गुलाब जल और विटामिन ई कैप्सूल शामिल कर दें। इस पेस्ट को अच्छी तरह मिक्स कर ले और थोड़ी देर के लिए रख दें। अब आपका चंदन पाउडर पेस्ट बनकर तैयार है। आप इसे चेहरे पर लगाने से पहले अपने चेहरे को साफ पानी से धो ले, उसके बाद ही इसका इस्तेमाल करें। आपको इस पेस्ट को चेहरे पर कम से कम 30 मिनट तक लगाकर रखना है।


## ओपन पोर्स के लिए कम खर्च में मिल सकती है राहत

अगर आप भी चेहरे पर हो रहे ओपन कोर्स की वजह से परेशान रहती है तो आज हम आपको ऐसी दो चीजों के बारे में बताएंगे, जिसका इस्तेमाल कर आप इन ओपन पोर्स को कम कर सकती हैं।

चेहरे पर होने वाली छोटी-छोटी समस्या की वजह से अधिकतर महिलाएं परेशान होने लगते हैं और वह बाजार के महंगे प्रोडक्ट का इस्तेमाल भी करती हैं। ऐसे में अगर आप भी चेहरे पर हो रहे ओपन कोर्स की वजह से परेशान रहती है और उन्हें कम करने के लिए घरेलू नुस्खे ढूंढ रही है, तो यह खबर आपके लिए खास हो सकती है। आज हम आपको ऐसी दो चीजों के बारे में बताएंगे, जिसका इस्तेमाल कर आप इन ओपन पोर्स को कम कर सकती हैं।

### ओपन पोर्स को कम करने का घरेलू उपाय

ब्यूटी एक्सपर्ट वर्षा के मुताबिक अगर चेहरे पर छोटी सी फुंसी भी हो जाएं, तो महिलाएं परेशान होने लगती हैं। ऐसे में अगर आप भी चेहरे पर हो रहे ओपन पोर्स की वजह से परेशान हैं, तो अब आप घर पर रहकर अब आप घर पर रहकर कच्चा दूध और विटामिन ई कैप्सूल दोनों का इस्तेमाल कर इन्हें कम कर सकती हैं। आईए जानते हैं इसके इस्तेमाल के बारे में।



### कच्चा दूध और विटामिन ई कैप्सूल का इस्तेमाल

ओपन पोर्स चेहरे की खूबसूरती को कम कर सकते हैं। ऐसे में इन्हें कम करने के लिए आप इस कच्चा दूध वाला उपाय आजमा सकती हैं।

कच्चा दूध और विटामिन ई कैप्सूल दोनों ही चेहरे की खूबसूरती के लिए बहुत जरूरी माने गए हैं। कच्चे दूध और विटामिन ई कैप्सूल को इस्तेमाल करने के लिए आप एक कटोरी में थोड़ा कच्चा दूध निकाल लें। अब इसमें विटामिन ई कैप्सूल को काटकर इसका तेल मिक्स कर दें। इस मिश्रण को अच्छी तरह मिला लें। इसके बाद कॉटन पैड की मदद से पूरे चेहरे पर इसे लगा लें। आपको इस मिश्रण को 25 मिनट तक चेहरे पर लगाकर रखना है।

### कार्नर न्यूज

### एक्सपेंसिव लुक महंगे और ब्रांडेड कपड़ों को पहनने से ही नहीं आता

## आपको चाहिए रॉयल लुक तो इन तरीकों से सिंपल कपड़े भी देंगे शाही अंदाज, एक बार जरूर

महंगे और ब्रांडेड कपड़ों को पहनने से ही एक्सपेंसिव लुक नहीं पाया जा सकता है। अगर आपके पास सिंपल और सस्ती ड्रेस हैं तो भी उनको लग्जरी बना सकते हैं। खासकर, रॉयल लुक पाने की इच्छा रखने वाले लड़कों के लिए ये टिप्स काम आ सकते हैं। किसी अमीर आदमी को देखने के बाद कई बार हम सोचते भी हैं कि क्या उनकी तरह हम ड्रेस नहीं पहन सकते? मैं आपको बता दूं उन्होंने भले ही उसके बहुत पैसे खर्च किए होंगे लेकिन आप कम खर्च करके भी वैसा लुक पा सकते हैं। क्योंकि स्टाइल सीक्रेट्स या फैशन रूल्स फॉलो करने से कोई भी ऐसा दिख सकता है।

### अट्रैक्टिव दिखना है जरूरी

सिंपल कपड़ों को पहनने में कोई बुराई नहीं। हमें कभी भी ड्रेस को लेकर किसी के साथ तुलना नहीं करनी चाहिए। हां, लेकिन अट्रैक्टिव दिखने के मामले में किसी से पीछे नहीं रहना चाहिए। किसी भी ड्रेस और स्टाइल को अट्रैक्टिव बनाया जा सकता है। जिससे एक अलग ही रुतबा देखने को मिलता है।



### कलर मैचिंग का जादू

रंगों का जादू हर किसी पर चलता है। सोचिए, अगर रंग न होते ये जीवन बस कोरा रहता। रंग किसी भी चीज को सुंदर बना देते हैं। इसलिए लुक को दमदार बनाना है तो कलर मैजिक वाली बात समझ लें। तब जाकर आपका रंग जमेगा और रंग चढ़ेगा।

पहली बात- अगर आपको एकदम रॉयल लुक चाहिए तो नीचे से लेकर ऊपर तक दो या तीन कलर कॉम्बिनेशन वाली ड्रेस व एसेसरीज पहनें। इससे अधिक कलर पहनने पर फंकी दिखेंगे। यह एक अलग स्टाइल हो गया।

### शर्ट, कोट, ब्लैजर के बटन

शर्ट, कोट, ब्लैजर खरीदते वक्त फैब्रिक, कॉलर, कफ स्टाइल, फिटिंग के साथ बटन पर ध्यान दें। क्योंकि बटन लुक पर असर डालते हैं। अगर शर्ट के बटन पुराने हैं तो इम्प्रेसिव नहीं होंगे। कई बार नई शर्ट के साथ भी यह फॉर्मूला ट्राय करें। अगर बटन पुराने हो गए हैं तो उनको भी बदल दें।

### टाई पहनें

एक्सपेंसिव लुक के लिए लोगों को टाई पहननी चाहिए। क्योंकि इससे अलग ही इम्प्रेसन पड़ता है। इसलिए ओकेजन के हिसाब से जहां जरूरी हो टाई पहनें। लेकिन उसको सही तरीके से बांधे और हां शर्ट के हिसाब से चूज करें। क्योंकि मैचिंग बहुत मायने रखती है। टाई पहननी है इसलिए कुछ भी टांग लेने से बात नहीं

### कोट / ब्लेजर/ जैकेट पहनें

एक्सपेंसिव या रॉयल लुक चाहिए तो कोट / ब्लेजर/ जैकेट खरीद लें। आपको पता ही है कि कोट और ब्लेजर पहनने वालों पर अधिकतर लोगों की नजर पड़ती है।

